कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची 16 जून, 2025 , सोमवार, वर्ष 10, अंक 236, आषाढ़, कृष्ण पक्ष, पंचमी, संवत 2082, पृष्ठ : 24+24 = 48, मूल्य : ₹3.00



The Inspirations...

| Marks | Name | AIR |
|---|---|---|
| 550/720 | Akriti Jaiswal | 12345 |
| 550/720 | Sushant Kumar Gupta | 12214 |
| 550/720 | Ravi Kumar | 12080 |
| 549/720 | Anish Kumar | 12857 |
| 549/720 | Alok Kumar Pathak | 12661 |
| 549/720 | Jahnvi | 12517 |
| 549/720 | Aditya Ranjan | 12512 |
| 548/720 | Amber Ramani | 13193 |
| 548/720 | Ankit Kumar | 13081 |
| 547/720 | Aaradhya Ranjan | 13845 |
| 547/720 | Nikhil Kumar | 13702 |
| 547/720 | Manshi Gupta | 13701 |
| 547/720 | Aditya Raj | 13482 |
| 546/720 | Taiyaba Fatima | 14324 |
| 546/720 | Dharmendra Kumar | 14047 |
| 545/720 | Shambhavi Satyam | 14851 |
| 545/720 | Harsh Kumar | 14704 |
| 545/720 | Saurav Samrat | 14644 |
| 544/720 | Khushboo Kumari | 15358 |
| 544/720 | Naincy Kumari | 15238 |
| 543/720 | Aakash Kumar | 15724 |
| 543/720 | Bala Jee | 15565 |
| 542/720 | Ritik Kumar | 16336 |
| 542/720 | Abhijeet Kumar | 16265 |
| 542/720 | Intekhab Ashraf | 16197 |
| 541/720 | Snigdha Ranjan | 16916 |
| 541/720 | Sneha Kumari | 16723 |
| 541/720 | Prashant | 16717 |
| 541/720 | Shivam Sundaram | 16710 |
| 540/720 | Sneha Kumari | 17552 |
| 540/720 | Shreya Shree | 17510 |
| 540/720 | Shristi Raj | 17377 |
| 540/720 | Shivam Arya | 17352 |
| 540/720 | Shambhavi | 17174 |
| 540/720 | Nadiya Afsheen | 17101 |
| 539/720 | Aditi Raj | 18180 |
| 539/720 | Pragya Prakash | 18112 |
| 539/720 | Mukund Pandey | 17804 |
| 538/720 | Aditya Kumar | 18844 |
| 538/720 | Shreya Das | 18809 |
| 538/720 | Aditi Singh | 18773 |
| 538/720 | Shruti Gupta | 18742 |
| 538/720 | Md Shahjahan | 18706 |
| 538/720 | Ishu Kumari | 18344 |
| 538/720 | Misa Kumari | 18323 |
| 537/720 | Pratik Kumar | 19457 |
| 537/720 | Daniyal Alam | 19347 |
| 537/720 | Shashi Ranjan | 19127 |
| 537/720 | Shivangi Thakur | 19033 |
| 537/720 | Aradhya Jha | 18985 |
| 537/720 | Shubham Shekhar | 18983 |
| 536/720 | Vishal Kumar | 20067 |
| 536/720 | Prince Pushpak | 20043 |
| 536/720 | Meenu Kumari Nidhi | 19971 |
| 536/720 | Samar Raj | 19889 |
| 536/720 | Sumaira Ishrat | 19830 |
| 536/720 | Bhumika Bharti | 19577 |
| 536/720 | Aayushi Raj | 19543 |
| 535/720 | Anupriya Kumari | 20401 |
| 535/720 | Ujjwal | 20605 |
| 535/720 | Gopi Kishan | 20533 |
| 535/720 | Arpit Singh | 20523 |
| 534/720 | Shivam Kumar | 21449 |
| 534/720 | Sanya Verma | 21365 |
| 534/720 | Piyush Kumar | 21325 |
| 534/720 | Ayesha Ahsan | 20980 |
| 534/720 | Ayush Ranjan | 20887 |
| 533/720 | Medha Yadav | 22131 |
| 533/720 | Keshav Kumar Singh | 22084 |
| 533/720 | Sneha Sinha | 22038 |
| 533/720 | Waeed Abdal | 21853 |
| 532/720 | Saumya Vijay | 22833 |
| 532/720 | Sanam | 22822 |
| 532/720 | Sahil Kumar Tiwari | 22729 |
| 532/720 | Swapnil | 22714 |
| 532/720 | Aditi Pahal | 22621 |
| 532/720 | Renee M Tiwary | 22377 |
| 531/720 | Aditya Raj | 23400 |
| 531/720 | Shivam Kumar | 23305 |
| 531/720 | Rakhi Kumari | 23093 |
| 531/720 | Anjali Kumari | 23060 |
| 531/720 | Saurav Kumar | 22926 |
| 530/720 | Ayushi Kumari | 24344 |
| 530/720 | Sudhir Kumar | 24213 |
| 530/720 | Arya Sarthak | 23811 |
| 530/720 | Rahul Kumar | 23726 |
| 529/720 | Rahul Kumar | 24968 |
| 529/720 | Aakash Kumar | 24599 |
| 528/720 | Prachi Arya | 25714 |
| 528/720 | Arjoo | 25581 |
| 528/720 | Sneha Sharma | 25445 |
| 527/720 | Pratibha Suman | 26428 |
| 527/720 | Himanshu Gupta | 26386 |
| 527/720 | Shikha Singh | 26125 |
| 527/720 | Alok Kumar | 26060 |
| 527/720 | Ankit Kumar | 26005 |
| 527/720 | Krishna Kumar | 25923 |
| 526/720 | Poonam Mandal | 27205 |
| 526/720 | Punam | 27205 |
| 526/720 | Sabiya Hayat | 26914 |
| 526/720 | Satyam | 26800 |
| 526/720 | Harsh Raj | 26516 |
| 525/720 | Shreya Kashyap | 27703 |
| 525/720 | Shalu Rani | 27668 |
| 525/720 | Chandni Kumari | 27521 |
| 524/720 | Sneha Singh | 28748 |
| 523/720 | Indrajeet Kumar | 29761 |
| 523/720 | Gyani Kumar Purbay | 29734 |
| 523/720 | Shivam | 29372 |
| 521/720 | Shreya | 30802 |
| 521/720 | Pratham Prince | 30768 |

All India Category Rank

| Marks | Name | Rank |
|---|---|---|
| 520/720 | Mahira Reyaz | AICR : 14721 (OBC) |
| 495/720 | Shikha Shubhraj | AIR : 1546 (SC) |
| 477/720 | Shabanam Kumari | AIR : 2543 (SC) |
| 465/720 | Ruchika Kumari | AIR : 3509 (SC) |
| 453/720 | Sneha Kumari | AIR : 4569 (SC) |
| 447/720 | Nandani Priya | AIR : 5338 (SC) |
| 392/720 | Baduli Hemrom | AIR : 3835 (ST) |
| 310/720 | Punam Kumari | AIR : 12409 (ST) |
| 292/720 | Kri. Khushboo Soren | AIR : 15144 (ST) |

& Many More

## GOAL'S RESULT ORIENTED CLASSROOM & DISTANCE LEARNING PROGRAMS

- **One Year** — Achiever Course for NEET 2026 — NEET — Eligibility: NEET Appeared / 12th Passed
- **Two Years** — Foundation for NEET / JEE 2027 — 11th + 12th Board + NEET / JEE — Eligibility: 10th Passed / Appeared from any Board
- **One Year** — Target for NEET / JEE 2026 — NEET / JEE — Eligibility: 12th Passed / Appeared from any Board
- **One/Two Year** — Pre-foundation — 9th OR 10th Board + Olympiads — Eligibility: 8th / 9th Passed from any School
- **One Year** — Test & Discussion — For Engineering / Medical 2026 — Eligibility: 12th Passed

- RANCHI (LALPUR) : 504, 5th Floor, R.S. Tower, Near Pantaloons, Lalpur, Ranchi
- RANCHI (HINOO) : 302, 303, 3rd Floor, Indira Palace, Main Road, Hinoo, Ranchi
- DHANBAD (office & Classroom) : GOAL Empire, Memko More, Dhaiya, Dhanbad

Mob. : 9334098595, 9308057050

18000+ Doctors/Medicos & Engineers | 2.0 Lakh+ Satisfied Guardians | Huge Rebate on NEET 2025 scores in Achiever Batch

• FACILITIES • LIBRARY HOSTEL TRANSPORT

Scan to view GOAL's Information Brochure

OTHER GOAL CORPORATE BRANCHES :

DELHI : 7564900045, PATNA : 0612-3508700, BHILAI : 07884013502, 09826943595, RAIPUR : 07714060711, 07415884100

Helpline : 7564900041/ 42/ 43 www.goalinstitute.org Follow us on : #GOAL - The result Factory

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची 16 जून, 2025 , सोमवार, वर्ष 10, अंक 236, आषाढ़, कृष्ण पक्ष, पंचमी, संवत 2082, पृष्ठ : 24+24 = 48, मूल्य : ₹3.00

## अहमदाबाद प्लेन हादसा: 31 शवों की शिनाख्त हुई

# पूर्व सीएम विजय रूपाणी के शव की पहचान हुई

राजकोट में आज किया जायेगा अंतिम संस्कार

20 शव परिजन को सौंपे गये

आजाद सिपाही संवाददाता

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद विमान हादसे में अब तक 274 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। इनमें से अब तक सिर्फ 31 शवों की पहचान हुई है। परिजनों को 20 शव सौंपा जा चुका है। हादसे में जान गंवाने वाले गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के शव की भी पहचान हो गयी है। रविवार को उनका डीएनए मैच हो गया। परिवार के मुताबिक राजकोट में सोमवार दोपहर तीन बजे अंतिम संस्कार किया जायेगा। उधर, डीएन के परीक्षण का काम 24 घंटे किया जा रहा है। केंद्र की ओर से भी डीएनए जांच करने के लिए कुछ एक्सपर्ट भेजे गये हैं।

बताते चलें कि अहमदाबाद में विमान हादसे में मरने वालों का आंकड़ा 275 पहुंचा गया है। हादसे में प्लेन में सवार 230 में 229 यात्रियों की मौत हो गयी। केवल एक यात्री बच पाया। वहीं, दोनों पायलट समेत 12 क्रू मेंबर भी मारे गये। प्लेन बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल के छत पर गिरी थी। यहां मौजूद पांच डाक्टर और हॉस्टल के स्टाफ समेत अन्य लोग 29 लोग हादसे के शिकार हुए हैं।

**घर तक पहुंचाये जा रहे शव:** पीड़ित परिवारों से संपर्क बनाने के लिए 230 टीम बनायी गयी है। जो शवों को सही-सलामत पहुंचाने और कागजी कार्रवाई पूरी करने में परिवारों की मदद कर रही है। एंबुलेंस के जरिए सिक्योरिटी के साथ शवों को उनके गृहनगर पहुंचाया जा रहा है। हादसे में जान गंवाने वाले विदेशी नागरिकों में से 11 के परिजन अहमदाबाद पहुंच गये हैं। शवों को रखने के लिए 170 ताबूत बनाने का ऑर्डर दिया गया है।

**बोइंग टीम अहमदाबाद विमान दुर्घटना स्थल पर पहुंची:** रविवार को बोइंग की टीम दुर्घटना स्थल का मुआयना किया। इसके अलावा अन्य टीमों द्वारा लगातार जांच जारी है। केंद्रीय गृह सचिव के नेतृत्व में जांच कमेटी गठित की गयी है। जो तीन महीने में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। इसके अलावा प्लेन हादसे की जांच के लिए नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी (एनआइए), गुजरात पुलिस, एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टीगेशन ब्यूरो, डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन, यूनाइटेड किंगडम की एयर एक्सीडेंट्स इन्वेस्टीगेशन ब्रांच, यूनाइटेड स्टेट्स की नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड और फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन को शामिल किया गया है। ये सभी जांच कर रही हैं।

**गुजरात सीएम भूपेंद्र पटेल विजय रूपाणी के घर पहुंचे:** इस बीच विजय रुपाणी के घर परिजनों से मिलने वालों का तांता लागातर लगा हुआ है। गुजारत के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल रविवार को उनके घर पहुंचे और परिजनों को संत्वाना दी। विजय रुपाणी के बेटे शनिवार को अदमदाबाद आये थे। राजकोट में उनका अंतिम संस्कार होगा। इसकी तैयारी शुरू हो गयी है।

### केदारनाथ के पास हेलिकॉप्टर क्रैश, सात की मौत



गौरीकुंड/रुद्रप्रयाग। केदारनाथ के पास गौरीकुंड में रविवार सुबह करीब 5:20 बजे हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। इसमें पायलट समेत सभी सात यात्रियों की मौत हो गयी है। मरने वालों में महाराष्ट्र का दो साल का बच्चा भी शामिल है। हेलिकॉप्टर श्रद्धालुओं को लेकर केदारनाथ मंदिर से गौरीकुंड के लिए उड़ा था। शुरुआती जानकारी में खराब मौसम को हादसे की वजह बताया जा रहा है। हेलिकॉप्टर आर्यन एविएशन कंपनी का है। हेलिकॉप्टर में यूपी-महाराष्ट्र के दो-दो और उत्तराखंड, गुजरात के एक-एक यात्री थे। पायलट राजवीर सिंह चौहान जयपुर, राजस्थान के रहने वाले थे। बताते चलें कि उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में 7 जून को तकनीकी खराबी के कारण सड़क पर हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग हुई थी। इस दौरान हेलिकॉप्टर के पीछे का हिस्सा कार पर गिरते ही टूट गया था। कार भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी थी। आइजी गढ़वाल राजीव स्वरूप ने बताया कि आग में झुलसने की वजह से शवों को पहचानने में मुश्किल हो रही है। मृतकों का डीएनए टेस्ट होगा, उसके बाद ही परिजन को सौंपेंगे।

## फादर्स डे : सीएम ने पिता को समर्पित की कविता

# 'पिता ऐसा वटवृक्ष हैं, जिनकी छांव...'

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** फादर्स डे के मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने पिता दिशोम गुरु शिबू सोरेन को समर्पित एक बहुत ही प्यारी कविता लिखी है। उन्होंने अपने पिता गुरु शिबू के सम्मान में लिखा, "पिता एक ऐसा वटवृक्ष हैं, जिनकी छांव में आत्मविश्वास पलता है,और जड़ों से मिली सीख से, जीवन का हर पल सार्थक हो जाता है... मेरे गुरु, मेरे मार्गदर्शक हैं मेरे बाबा आदरणीय दिशोम गुरुजी।" इसके साथ ही उन्होंने सभी को आज फादर्स डे की शुभकामनाएं भी दी हैं।

# पीएम मोदी 3 देशों के दौरे पर रवाना, पहले साइप्रस जायेंगे

इंदिरा, अटल के बाद साइप्रस जाने वाले तीसरे भारतीय प्रधानमंत्री

कनाडा में जी7 समिट में शामिल होंगे



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को तीन देशों की चार दिन की यात्रा पर रवाना हो गये हैं। वे साइप्रस से इस दौरे की शुरुआत करेंगे, फिर कनाडा और क्रोएशिया जायेंगे। इस दौरान वे 27 हजार 745 किमी का सफर तय करेंगे। विदेश मंत्रालय के मुताबिक प्रधानमंत्री 15-16 जून को साइप्रस में रहेंगे। 16 और 17 जून को कनाडा में जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। इसके बाद वे 18 जून को क्रोएशिया जायेंगे। 19 जून को भारत लौट आयेंगे।

# इजराइल-इरान संघर्ष: तीसरे दिन भी जारी, दोनों ओर से हमले हो रहे

दोनों देशों में मिलिट्री लोकेशन खाली कराये जा रहे

इजराइल ने इरान के रक्षा मंत्रालय को निशाना बनाया

इरान ने इजराइल की हाइफा रिफाइनरी पर मिसाइल दागी

एजेंसी

**तेहरान/तेल अवीव।** इरान और इजराइल के बीच बीते तीन दिनों से संघर्ष जारी है। शनिवार देर रात एक बार फिर एक-दूसरे पर कई मिसाइलें दागीं। दोनों देशों ने अपने-अपने नागरिकों को मिलीट्री लोकेशन खाली करने का लिए कहा है। आइडीएफ के कर्नल अविचय अद्री ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि हथियार फैक्ट्रियों के पास रहना इरानियों के लिए खतरनाक हो सकता है। इजराइल का दावा है कि उसने तेहरान में रक्षा मंत्रालय को निशाना बनाया है। इसके अलावा तेहरान और बुशहर में ऑयल डिपो और गैस रिफाइनरी समेत 150 से ज्यादा ठिकानों को तबाह किया है।

बताते चलें कि पिछले तीन दिनों के दौरान इजराइली हमले से इरान में 138 लोग मारे जा चुके हैं, जिनमें 9 न्यूक्लियर साइंटिस्ट और 20 से ज्यादा इरानी कमांडर्स शामिल हैं। जबकि 350 से ज्यादा लोग घायल हैं।

इरान ने भी पलटवार करते हुए इजराइल पर 150 से ज्यादा मिसाइलें दागी हैं। इसमें 13 इजराइली मारे गये हैं और 300 से ज्यादा घायल हैं। इरान ने कहा है कि अगर इजराइल हमले रोक लेता है तो ईरान भी रोक देगा। हालांकि इस पर इजराइल की तरफ से अभी तक कोई बयान नहीं आया है।

**इरान में भारतीय नागरिकों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी:** इरान स्थित भारतीय दूतावास ने वहां रहने वाले भारतीय नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इसमें सभी भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के लोगों को दूतावास के संपर्क में रहने, इरान में गैर जरूरी सफर करने से बचने की सलाह दी गयी है। भारतीय लोगों के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किये गये हैं।

### अगर हमला हुआ तो पूरी अमेरिकी सेना पर टूट पड़ेगी : डोनाल्ड ट्रंप

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को इरान को कड़ी चेतावनी दी। ट्रंप ने कहा कि अगर इरान ने कोई दुस्साहस किया, तो अंजाम ऐसा होगा, जो उसने न तो पहले कभी देखा होगा और न ही कभी सोचा होगा। ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय में आयी है, जब इजराइल ने तेहरान में इरान के रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय को निशाना बनाया।




सशक्त लोकतंत्र के लिए निष्पक्ष पत्रकारिता का
सबसे महत्वपूर्ण योगदान होता है
आजाद सिपाही
के
10वें
स्थापना दिवस
के
शुभ अवसर पर
आजाद सिपाही परिवार
को हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
कुमार जयमंगल
(अनुप सिंह)
विधायक
बेरमो विधानसभा


आजाद सिपाही
10 वां स्थापना दिवस
समाज को जागरूक एवं लोकतंत्र को मजबूत बनाने वाले सभी पत्रकार बंधुओं को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आजाद सिपाही
जैलेन्द्र कुमार
पूर्व जिला अध्यक्ष
रांची ग्रामीण, भाजपा

# कल्पना सोरेन बोलीं-संघर्ष चाहे जितने भी हों, पिता की मौजूदगी हौसले की तरह साथ चलती है



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने ससुर शिबू सोरेन, अम्पा मुर्मू, मां, पति हेमंत सोरेन और दोनों बेटों निखिल और अंश के साथ एक तस्वीर साझा करते हुए सभी को फादर्स डे की शुभकामनाएं दीं। इस तस्वीर के साथ उन्होंने एक भावुक संदेश भी लिखा, जिसमें उन्होंने पिता के योगदान को विशेष रूप से सराहा। उन्होंने लिखा, पिता एक नींव की तरह होते हैं, जो खुद अडिग खड़े रहकर हमारे सपनों की इमारत को ऊंचाइयां देते हैं। संघर्ष चाहे जितने भी हों, पिता की मौजूदगी हौसले की तरह साथ चलती है। आपका योगदान अनमोल है। इस पोस्ट में कल्पना सोरेन के साथ उनके पति हेमंत सोरेन, दोनों बेटे निखिल और अंश, उनके माता-पिता और ससुर शिभू सोरेन आशीर्वाद देते हुए नजर आ रहे हैं।


# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल: 30 से अधिक छात्रों ने नीट (यूजी) 2025 उत्तीर्ण किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, रांची, एक ऐतिहासिक उपलब्धि की घोषणा करते हुए रोमांचित है, क्योंकि इसके 30 से अधिक छात्रों ने नीज (यूजी) 2025 उत्तीर्ण किया है जो भारत की सबसे कठिन मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं में से एक है। यह उत्कृष्ट परिणाम एक बार फिर ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की शैक्षणिक उत्कृष्टता, समग्र विकास और चिकित्सा में भविष्य के नेताओं को पोषित करने की अटूट प्रतिबद्धता की परंपरा को उजागर करता है। उत्कृष्टता और कड़ी मेहनत की सफलता ने इस साल, ऑक्सफोर्ड के छात्रों ने अपने असाधारण प्रदर्शन से एक नया मानक स्थापित किया है। शीर्ष प्राप्तकर्ताओं में यूजीन कीरो (एआइआर 1090) और पीयूष कुमार शामिल हैं, जिनकी लगन और दृढ़ता ने स्कूल को बहुत गौरवान्वित किया है। इन टॉपर्स के अलावा, अमन वर्मा, कौशल केजरीवाल, प्रज्वल कुमार जैसे छात्रों ने भी कई अन्य लोगों के



साथ प्रभावशाली रैंक हासिल की है, जो ओपीएस समुदाय की सामूहिक भावना और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। समर्थन और मार्गदर्शन ऑक्सफोर्ड का तरीका नीट की सफलता की यात्रा कभी आसान नहीं होती, लेकिन ओपीएस में, छात्रों को एक पोषण वातावरण, विशेषज्ञ संकाय और एक मजबूत समर्थन प्रणाली से लाभ होता है। स्कूल की कठोर शैक्षणिक पाठ्यक्रम, नियमित मॉक टेस्ट और व्यक्तिगत मार्गदर्शन सुनिश्चित करते हैं कि छात्र राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए अच्छी तरह से तैयार हों। शिक्षकों, अभिभावकों और पूर्व छात्रों ने इन युवा उम्मीदवारों को हर चुनौती के माध्यम से प्रेरित करने और मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस शानदार सफलता के बारे में बोलते हुए, ऑक्सफोर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन, डॉ एसबीपी मेहता ने कहा, आपकी दृढ़ता, अटूट समर्पण और चिकित्सा के प्रति जुनून ने हमारे स्कूल को बहुत गर्व से भर दिया है। यह उपलब्धि केवल शीर्ष रैंक हासिल करने के बारे में नहीं है, बल्कि सेवा, आशा और जिम्मेदारी की भावना को मूर्त रूप देने के बारे में है, जो सच्चे चिकित्सकों को परिभाषित करती है। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में, हम एक ऐसे माहौल को पोषित करने के लिए समर्पित हैं, जहां हर छात्र को बड़े सपने देखने, चुनौतियों को पार करने और महानता हासिल करने का अधिकार है। आप हमें समग्र शिक्षा और सार्थक प्रभाव के अपने मिशन को जारी रखने के लिए प्रेरित करते हैं। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर आपको और आपके परिवारों को बधाई-आपकी आगे की यात्रा उद्देश्य और करुणा से भरी हो। अकादमिक निदेशिका, डॉ सिमी मेहता ने अपनी हार्दिक बधाई साझा करते हुए कहा, हमारे छात्रों की दृढ़ता, कड़ी मेहनत और चिकित्सा के प्रति जुनून ने वास्तव में हमें गौरवान्वित किया है। यह उपलब्धि केवल उच्च रैंक के बारे में नहीं है, बल्कि सेवा, आशा और जिम्मेदारी की भावना के बारे में है जिसका प्रतिनिधित्व हमारे नीट क्वालीफायर करते हैं। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल एक ऐसा वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां हर छात्र बड़ा सपना देख सके और महानता हासिल कर सके। रैंक से परे हेल्थकेयर के भविष्य का निर्माण शैक्षणिक समन्वयक रवि शेखर का मानना है कि 'इस वर्ष के परिणाम केवल अकादमिक सफलता का जश्न नहीं हैं - वे अनुशासन, सहानुभूति और सेवा के मूल्यों का प्रमाण हैं जो ऑक्सफोर्ड अपने छात्रों में भरता है।








आजसू पार्टी
हमारा प्रयास : सामाजिक न्याय और विकास
आ ज सू
आजाद सिपाही
सशक्त लोकतंत्र के लिए निष्पक्ष पत्रकारिता का सबसे महत्वपूर्ण योगदान होता है
आजाद सिपाही
के
10 वां स्थापना दिवस
पर आजाद सिपाही परिवार
को हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
AJSU PARTY
आजसू पार्टी
सुदेश महतो
सुप्रिमो, आजसू
अच्छे लोग
अच्छी सोच
अच्छे परिणाम

# 37 वर्ष बाद दर्दनाक विमान दुर्घटना

आमतौर पर विमान यात्रा काफी सुरक्षित मानी जाती है परन्तु पिछले कुछ समय से विमानों में उड़ान के दौरान लगातार खराबियां आने लगी हैं जिससे विमान यात्रियों की जान जा रही है। पिछले 3 महीनों में हुई ऐसी ही कुछ विमान दुर्घटनाओं का विवरण निम्न में दर्ज है : 10 मार्च को शिकागो से दिल्ली जा रहे एयर इंडिया के विमान के 12 में से 11 शौचालय जाम हो जाने के कारण विमान को उड़ान भरने के 10 घंटे बाद शिकागो वापस लौटना पड़ा। 30 मार्च को जयपुर से चेन्नई जा रहे स्पाइस जैट के विमान का उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद टायर फट गया। 8 मई को उत्तराखंड के उत्तर काशी जिले के गंगोत्री मंदिर की ओर जा रहा एक हेलीकाप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के परिणामस्वरूप उसके पायलट तथा उसमें सवार 5 महिलाओं की मौत हो गयी। 21 मई को दिल्ली से श्रीनगर जा रहा इंडिगो का विमान टर्बुलैंस (खराब मौसम) का शिकार हो गया और विमान पर बर्फीली बारिश तथा ओले गिरने के कारण यह तेजी से ऊपर-नीचे होने लगा। इस विमान में तृणमूल कांग्रेस की सांसद सागरिका घोष अपनी पार्टी के 5 सदस्यों के साथ यात्रा कर रही थीं। उन्होंने बताया कि मुझे लग रहा था कि मौत करीब है, जिंदगी खत्म हो गई है। यह समय नरक के समान था। 25 मई को जयपुर से दिल्ली जा रहे इंडिगो के विमान में उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी आ जाने के कारण 65 यात्रियों की जान खतरे में पड़ गयी तथा विमान को वापस जयपुर हवाई अड्डे पर उतारना पड़ा। 2 जून को 4000 फुट की ऊंचाई पर 175 यात्रियों को साथ लेकर उड़ रहे इंडिगो के विमान से एक गिद्ध जा टकराया। इससे विमान को कुछ नुकसान पहुंचा, परंतु कोई अनहोनी नहीं हुई। 7 जून को देहरादून से केदारनाथ धाम के लिए उड़ान भरने वाला एक हेलीकाप्टर 2 मीटर ही ऊपर उठ पाया था कि उसमें तकनीकी खराबी आ जाने से हेलीकाप्टर की टेल क्षतिग्रस्त होकर सड़क पर खड़ी एक कार से जा टकरायी तथा हेलीकाप्टर के पंखों की चपेट में आ जाने से एक दुकान का कुछ हिस्सा भी टूट गया। और अब 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का ड्रीम लाइनर बोइंग 787 विमान उड़ान भरने के कुछ ही सैकेंड बाद मेघानी नगर के निकट भीषण दुर्घटना का शिकार होते ही आग का गोला बन गया। इलाके में काला धुआं छा गया। इस दुर्घटना में विमान के चालक दल के 12 सदस्यों एवं गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी सहित 242 यात्रियों में से 241 यात्रियों की मौत तथा दुर्घटना के दौरान सिविल अस्पताल के होस्टलों से टकराने से वहां मौजूद इंटर्न डॉक्टर समेत कई लोगों की मौत हो गई। इस प्रकार इस दुर्घटना में मृतकों की कुल संख्या 275 हो गयी है। इस विमान में 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 1 कनाडाई एवं 7 पुर्तगाली नागरिक सवार थे। सभी शव इतनी बुरी तरह जल गये हैं कि उन्हें पहचान पाना भी मुश्किल होने के कारण उनका डीएनए टेस्ट करके शवों को उनके परिजनों को सौंपा जा रहा है। अहमदाबाद हवाई अड्डे पर होने वाली यह दूसरी भीषण विमान दुर्घटना है। इससे पहले 19 अक्टूबर, 1988 को भी इंडियन एयर लाइंस का मुंबई से अहमदाबाद आने वाला विमान हवाई अड्डे के निकट ही दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के परिणामस्वरूप 133 लोगों की जान चली गई थी। निःसंदेह यह घटना अत्यंत दुखद है, जिसने एक बार फिर विमान यात्राओं में जोखिम का संकेत दिया है। अतः विमानन कंपनियों तथा विमानन निदेशालय को अपने सुरक्षा प्रबंध और चुस्त करने होंगे। उड़ान से पहले विमानों की बारीकी से जांच की जानी चाहिए, ताकि इस प्रकार की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

**इससे पहले 19 अक्टूबर, 1988 को भी इंडियन एयर लाइंस का मुंबई से अहमदाबाद आने वाला विमान हवाई अड्डे के निकट ही दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के परिणामस्वरूप 133 लोगों की जान चली गयी थी।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीटीएम) की समीक्षा बैठक के दौरान एक महत्वपूर्ण क्षण तब आया, जब मुझे इसरो के तत्कालीन अध्यक्ष डॉ एस सोमनाथ से बातचीत करने का अवसर मिला। उन्होंने कार्बन फाइबर, अल्ट्रा-हाई मॉलिक्यूलर वेट पॉलीइथिलीन और नायलॉन 66 जैसे उच्च प्रदर्शन वाले एयरोस्पेस अनुप्रयोगों के लिए आवश्यक सामग्री की बढ़ती आवश्यकता को रेखांकित किया। उनका संदेश स्पष्ट था : भारत को इस क्षेत्र में दूसरों पर निर्भरता को कम करने के लिए और हमारी वैज्ञानिक उन्नति के अगले स्तर के मार्ग को प्रशस्त करने के लिए इन क्षेत्रों में स्वदेशी क्षमताओं का निर्माण करना चाहिए।**

# भारत में तकनीकी वस्त्र का बढ़ता दायरा: एनटीटीएम और पीएलआइ ने बदली तस्वीर



गिरिराज सिंह



कुछ साल पहले, तकनीकी वस्त्रों को एक सीमित खंड के रूप में देखा जाता था। इसका दायरा सीमित था, इसमें कम निवेश किया जाता था और आयात पर यह बहुत अधिक निर्भर था लेकिन आज, यह भारत के औद्योगिक परिवर्तन के केंद्र में हैं। यह बदलाव आकस्मिक नहीं है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत के अनुरूप अपनायी गयी रणनीति, नीतिगत दूरदर्शिता और राष्ट्रीय प्रतिबद्धता का परिणाम है। चाहे कोविड-19 संकट के दौरान पीपीइ उत्पादन को बढ़ाना हो, स्वदेशी सुरक्षात्मक गियर के साथ सशस्त्र बलों को सुसज्जित करना हो या ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाई के लिए महत्वपूर्ण सामग्री की आपूर्ति करना हो, तकनीकी वस्त्रों ने राष्ट्रीय तैयारियों और औद्योगिक प्रगति के कारक के रूप में अपनी भूमिका का प्रदर्शन किया है।

**श्रेष्ठ से रणनीतिक तक: नीतिगत अनिवार्यता :** राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीटीएम) की समीक्षा बैठक के दौरान एक महत्वपूर्ण क्षण तब आया, जब मुझे इसरो के तत्कालीन अध्यक्ष डॉ एस सोमनाथ से बातचीत करने का अवसर मिला। उन्होंने कार्बन फाइबर, अल्ट्रा-हाई मॉलिक्यूलर वेट पॉलीइथिलीन और नायलॉन 66 जैसे उच्च प्रदर्शन वाले एयरोस्पेस अनुप्रयोगों के लिए आवश्यक सामग्री की बढ़ती आवश्यकता को रेखांकित किया। उनका संदेश स्पष्ट था : भारत को इस क्षेत्र में दूसरों पर निर्भरता को कम करने के लिए और हमारी वैज्ञानिक उन्नति के अगले स्तर के मार्ग को प्रशस्त करने के लिए इन क्षेत्रों में स्वदेशी क्षमताओं का निर्माण करना चाहिए। इस बातचीत के दौरान प्रयोगशालाओं से लेकर लॉन्चपैड तक भारत की विकास गाथा में तकनीकी वस्त्रों के रणनीतिक महत्व को भी रेखांकित किया गया।

**वित्त वर्ष 2024-25 में निर्यात 2.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा। मार्च 2025 तक, हमने 5,218 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित किया है।**

**लैब से लेकर लॉन्चपैड व युद्ध के मैदान तक :** रक्षा क्षेत्र ने भी इस परिवर्तन के रणनीतिक मूल्य को महसूस करना शुरू कर दिया है। उदाहरण के लिए हाल ही में हमारे सशस्त्र बलों द्वारा संचालित ऑपरेशन सिंदूर को लें, जहां सुरक्षात्मक कपड़ों और बैलिस्टिक गियर से लेकर छलावरण वाले कपड़ों और रासायनिक-जैविक सुरक्षा सूट तक तकनीकी वस्त्रों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। चूंकि हमने घरेलू क्षमता निर्माण में जल्दी निवेश करना शुरू कर दिया था, इसलिए आज हम अपने रक्षा क्षेत्र को न केवल जनशक्ति के साथ, बल्कि वैश्विक मानकों को पूरा करने वाली सामग्री के साथ मदद पहुंचाने में सक्षम हैं, जिसे भारतीय धरती पर विकसित और निर्मित किया गया है।

**तकनीकी वस्त्रों को समझें :** तकनीकी वस्त्र वे विशेष प्रकार के कपड़े होते हैं, जो सौंदर्य की बजाय कार्यक्षमता के लिए बनाये जाते हैं, जिन्हें अक्सर जीवन रक्षक या महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के तहत कार्य करने के लिए डिजाइन किया गया है। इनमें बुलेट-प्रतिरोधी जैकेट, अग्निरोधी वर्दी, सर्जिकल गाउन, किसानों के लिए एंटी-बैक्टीरियल शीट, सड़क-सुदृढ़ीकरण जियो-ग्रिड और बहुत कुछ शामिल हैं। यह क्षेत्र जियोटेक, मेडिटेक, प्रोटेक, एग्रोटेक और बिल्डटेक सहित 12 प्रमुख खंडों में फैला हुआ है। 2024 तक, भारत के तकनीकी वस्त्र बाजार का मूल्य 26 बिलियन अमरीकी डॉलर था। हम 2030 तक 40-45 बिलियन अमेरिकी डॉलर को छूने की राह पर हैं, जो 10-12 प्रतिशत की आकर्षक वार्षिक दर से बढ़ रहा है। वैश्विक स्तर पर तकनीकी वस्त्र, कुल कपड़ा उत्पादन का लगभग 27 प्रतिशत है जबकि भारत में यह आंकड़ा केवल 11 प्रतिशत है। हालांकि सही दिशा में प्रयास करने से हम इस अंतर को तेजी से कम कर रहे हैं।

**विकास को गति देने के लिए प्रमुख सरकारी पहल :** इस क्षेत्र की वास्तविक क्षमता को उजागर करने के लिए, भारत सरकार ने दो प्रमुख पहलों- राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीटीएम) और वस्त्रों के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआइ) योजना के माध्यम से कुल 12,000 करोड़ रुपये का परिव्यय किया है। ये कार्यक्रम अलग-अलग काम करने के बजाय, साथ मिलकर, भारत को तकनीकी वस्त्रों के एक वैश्विक केंद्र के रूप में बदल रहे हैं। एनटीटीएम के तहत, हम अनुसंधान और नवाचार में केंद्रित निवेश को बढ़ावा दे रहे हैं। 510 करोड़ रुपये की सरकारी मदद के साथ कुल 168 उच्च-प्रभाव वाली परियोजनाओं को मंजूरी दी गयी है। इनमें से कई पहले ही प्रयोगशाला से बाजार में आ चुकी हैं जिनमें फायर एंट्री सूट का विकास और भू-वस्त्रों के लिए परिपत्र बुनाई तकनीक शामिल हैं।

**एनटीटीएम: नवाचार को बढ़ावा देना और कौशल प्रदान करना :** आत्मनिर्भरता के दृष्टिकोण से प्रेरित, राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन नवाचार और कौशल विकास के लिए मजबूत नींव रख रहा है। वहीं 17 स्टार्टअप को ग्रेट (तकनीकी वस्त्रों में महत्वाकांक्षी नवप्रवर्तकों के लिए अनुसंधान और उद्यमिता के लिए अनुदान) योजना के तहत सहायता मिली है। 2,000 से अधिक छात्र 41 शीर्ष संस्थानों में तकनीकी वस्त्र पाठ्यक्रम कर रहे हैं जो 16 उद्योग-आधारित कौशल मॉड्यूल द्वारा समर्थित हैं और भविष्य के लिए तैयार कार्यबल को आकार दे रहे हैं।

**मांग पैदा करना, वैश्विक उपस्थिति को बढ़ावा देना :** मुख्य स्तंभ के रूप में बाजार विकास के साथ, एनटीटीएम घरेलू स्तर पर अपनाने के साथ-साथ वैश्विक पहुंच का भी विस्तार कर रहा है। स्वास्थ्य सेवा, कृषि, बुनियादी ढांचे और रक्षा जैसे क्षेत्रों में 73 तकनीकी वस्त्र सामग्रियों के अनिवार्य उपयोग ने उन्हें सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में एकीकृत किया है।

भारत टेक्स 2025 सहित 30 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों ने भारत की स्थिति को मजबूती दी है। इस बीच, कुल मिलाकर मानव निर्मित कपड़ा निर्यात 2020-21 में 4.2 बिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़ कर 2024-25 में 5.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। वहीं आयात में कमी से बढ़ती आत्मनिर्भरता और प्रतिस्पर्धात्मकता का संकेत मिलता है। प्रदर्शन को नीति से जोड़नाः पीएलआइ ढांचा निजी क्षेत्र में, प्रदर्शन को पुरस्कृत किया जाता है। जो लोग लक्ष्य से अधिक प्रदर्शन करते हैं, उन्हें आगे बढ़ने और देश के रोजगार परिदृश्य को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। यही सिद्धांत अब उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआइ) योजना के माध्यम से हमारी औद्योगिक नीति को दशार्ता है। यानी प्रोत्साहन अब सब्सिडी नहीं, बल्कि प्रदर्शन से जुड़े पुरस्कार हैं। भारत को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए, विनिर्माण को एक मिशन की तरह माना जाना चाहिए, जिसमें स्पष्ट मीट्रिक, वाणिज्यिक व्यवहार्यता और विकासोन्मुख मानसिकता हो।

एनटीटीएम और पीएलआइ साथ मिलकर एक दोहरे इंजन का काम करते हैंः जहां एनटीटीएम अनुसंधान, शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से नींव रखता है, पीएलआइ योजना विकास को गति दे रही है। योजना के तहत चयनित 80 कंपनियों में से आधे से अधिक (ठीक 56.75 प्रतिशत) तकनीकी वस्त्र के क्षेत्र में काम कर रही हैं। यह उद्योग के आत्मविश्वास का एक मजबूत संकेतक है। इस समर्थन की बदौलत, हमने 7,343 करोड़ रुपये का नया निवेश देखा है जिससे 4,648 करोड़ रुपये का प्रभावशाली कारोबार और 538 करोड़ रुपये का निर्यात हुआ है।

सुचारू कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए, कपड़ा मंत्रालय ने सक्रिय कदम उठाए हैं। हमने तीन मौकों यानी जून 2023, अक्टूबर 2024 और फरवरी 2025 पर तकनीकी वस्त्रों के लिए एचएसएन कोड जारी किये और सीमा शुल्क और अनुपालन को स्पष्ट करने के लिए अक्सर पूछे जाने वाले सवाल भी जारी किये। फरवरी 2025 में हुए एक महत्वपूर्ण संशोधन के कारण कुल 54 करोड़ रुपए का प्रोत्साहन संवितरण समय से पहले संभव हुआ। हमारी महत्वाकांक्षाएं, घरेलू सीमाओं से कहीं आगे तक फैली हुई हैं। इन क्षेत्रों में घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देकर, यह योजना भारत को चीन, वियतनाम और बांग्लादेश जैसे अग्रणी वैश्विक कपड़ा निर्यातकों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए रणनीतिक रूप से तैयार कर रही है।

**अब तक का प्रभाव :** हमारी संयुक्त पहलों का असर पहले से ही दिखायी दे रहा है। तकनीकी वस्त्रों के लिए भारत का घरेलू बाजार 10 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ रहा है। वित्त वर्ष 2024-25 में निर्यात 2.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा। मार्च 2025 तक, हमने 5,218 करोड़ का निवेश आकर्षित किया है और 8,500 से अधिक लोगों के लिए रोजगार सृजित किया है। अकेले तकनीकी वस्त्रों ने 3,242 करोड़ रुपये का कारोबार किया है जिसमें 217 करोड़ रुपये का निर्यात शामिल है। ये आंकड़े सिर्फ संख्याएं नहीं हैं, यह इस बात का प्रमाण है कि हमारी रणनीति काम कर रही है।

**सतत और आत्मनिर्भर भविष्य की ओर :** स्थिरता और चक्रीयता भारत की तकनीकी वस्त्र रणनीति के केंद्र में हैं। जूट, भांग, रेमी, कपास, रेशम और यहां तक कि मिल्कवीड जैसे प्राकृतिक रेशों को उच्च-प्रदर्शन अनुप्रयोगों के लिए फिर से तैयार किया जा रहा है, जो पर्यावरण को लाभ पहुंचाते हुए हमारे किसानों और उद्योगों को सशक्त बना रहे हैं। प्रकृति-आधारित समाधान, शक्तिशाली उपाय के रूप में उभर रहे हैं जो पारंपरिक रेशों के साथ नवाचार को मिलाते हैं। उदाहरण के लिए कश्मीरी पश्मीना से निकलने वाले कचरे का उपयोग अब इंसुलेशन बनाने में किया जाता है, कपास और रेशम का उपयोग घाव की ड्रेसिंग और ऊतक इंजीनियरिंग में किया जा रहा है और रेशम का उपयोग 3डी प्रिंटिंग में किया जा रहा है। जूट बायोडिग्रेडेबल मेडिकल इम्प्लांट, ऑटोमोबाइल के लिए हल्के कंपोजिट फाइबर, पर्यावरण के अनुकूल निर्माण सामग्री और टिकाऊ फर्नीचर बनाने में सक्षम है। साथ ही, हम घरेलू मशीनरी विनिर्माण को प्राथमिकता दे रहे हैं, जिसके तहत 68,000 करोड़ रुपये मूल्य के सामान के उत्पादन के लिए 25 परियोजनाएं चल रही हैं। इनसे निर्यात में 6,700 करोड़ रुपये का योगदान मिलने की उम्मीद है, जो वास्तव में आत्मनिर्भर और टिकाऊ औद्योगिक भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। केंद्रीय कपड़ा मंत्री के रूप में मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि भारत न केवल वैश्विक तकनीकी वस्त्र आंदोलन में भाग ले रहा है। हम इसका नेतृत्व करने के लिए खुद को तैयार भी कर रहे हैं। एनटीटीएम और पीएलआइ की संयुक्त शक्ति के साथ, हम नवाचार को बढ़ावा दे रहे हैं, रोजगार पैदा कर रहे हैं, निर्यात को मजबूत कर रहे हैं और राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती ला रहे हैं। हमारे रक्षा और कृषि क्षेत्रों को मदद देने से लेकर बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण तक, तकनीकी वस्त्र भारत के लिए एक नयी औद्योगिक पहचान को आकार दे रहे हैं और यह केवल एक शुरुआत है।

**(लेखक: केंद्रीय कपड़ा मंत्री हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### महिलाओं के उत्थान अग्रणी भूमिका निभा रहा है राष्ट्रीय भ्रष्टाचार नियंत्रण जन कल्याण संगठन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** लौहनगरी जमशेदपुर में राष्ट्रीय भ्रष्टाचार नियंत्रण जन कल्याण संगठन लगातार समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय है। संगठन की उप निदेशक रानी गुप्ता के नेतृत्व में विशेष रूप से महिलाओं के उत्थान और सामाजिक जागरूकता के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। संस्था वर्ष 2014 से निरंतर समाज के विभिन्न वर्गों के लिए कार्यरत है। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए रानी गुप्ता की अगुवाई में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र, चायपत्ती पैकिंग यूनिट और हस्तकला से संबंधित कई गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं से दर्जनों जरूरतमंद महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सफलता मिली है। संगठन का उद्देश्य न केवल महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, बल्कि उन्हें आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता की दिशा में भी प्रेरित करना है। कोरोना काल में जब देशव्यापी लॉकडाउन के चलते आम जनजीवन प्रभावित था। तब रानी गुप्ता और उनकी टीम ने गरीबों और जरूरतमंदों के बीच भोजन वितरण, लगभग 5 हजार निशुल्क मास्क वितरण, सेनेटाइजर उपलब्धता, राशन वितरण, ऑक्सीजन उपलब्ध करना और जनजागरूकता अभियान चलाकर मिसाल पेश की।

### आदित्यपुर की आशी नें नीट परीक्षा में सफलता हासिल की



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** आदित्यपुर की आशी शर्मा ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा में अपने पहले प्रयास में ही सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। वह आदित्यपुर ओल्ड हाउसिंग कॉलोनी में रहने वाले व्यवसायी संजय कुमार और संगीता शर्मा की सुपुत्री हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा जारी परिणाम के अनुसार, आशी शर्मा को कुल 529 अंक प्राप्त हुए हैं। इस अंक के साथ उनकी ऑल इंडिया रैंकिंग 24,462 और जनरल कैटेगरी रैंक 9,801 रही है।आशी की इस सफलता से परिवार शिक्षकों और मोहल्ले में हर्ष का माहौल है। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और निरंतर कड़ी मेहनत को दिया है। बातचीत में आशी ने बताया वह शुरू से ही चिकित्सा क्षेत्र में जाना चाहती थीं और दिन-रात मेहनत कर उन्होंने इस लक्ष्य को पहले ही प्रयास में प्राप्त किया।

### छात्राओं के लिए करियर काउंसलिंग सह सेमिनार का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** सरायकेला-खरसावां जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की कक्षा 10वीं उत्तीर्ण छात्राओं के लिए एक दिवसीय करियर काउंसलिंग सह सेमिनार का आयोजन नगर भवन सभागार, सरायकेला में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को उनकी अभिरुचि एवं क्षमता के अनुसार उचित विषय चयन तथा भविष्य की करियर योजना हेतु मार्गदर्शन प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में डीसी नीतीश कुमार सिंह बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उनके साथ उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल, जिला



शिक्षा पदाधिकारी कैलाश मिश्रा, जिला खेल पदाधिकारी अमित कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ जगन्नाथ हेंब्रम, करियर काउंसलिंग विशेषज्ञ, बीआरपी-सीआरपी, वार्डन, शिक्षक, छात्राएं और उनके अभिभावक मौजूद थे। इस अवसर पर डीसी नीतीश कुमार सिंह ने छात्राओं से संवाद करते हुए कहा विषय चयन हमारे जीवन की दिशा तय करता है, इसलिए यह निर्णय आत्मविश्लेषण, रुचि और दीर्घकालिक लक्ष्य को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए। उन्होंने छात्राओं को विज्ञान, वाणिज्य और मानविकी जैसे विषयों की उपयोगिता बताते हुए कहा इन सभी क्षेत्रों में उज्ज्वल भविष्य की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की वे अपनी बेटियों की भावनाओं को समझें और उन पर किसी प्रकार का सामाजिक या पारिवारिक दबाव न डालें। उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल ने छात्राओं को आत्मरुचि के आधार पर करियर चुनने की सलाह दी और अपने अनुभव साझा करते हुए उन्हें प्रेरित किया। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ जगन्नाथ हेंब्रम ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में उपलब्ध करियर विकल्पों, प्रवेश परीक्षाओं एवं प्रमुख संस्थानों की जानकारी देकर छात्राओं को दिशा दिखाई। कार्यक्रम में विशेषज्ञ काउंसलर्स ने विज्ञान, वाणिज्य और मानविकी विषयों से जुड़े करियर विकल्पों की विस्तृत जानकारी साझा की।

### हरिणा मेला में संजीव सरदार ने परिवार संग की पूजा, मेला व्यवस्था का लिया जायजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**पोटका/ जमशेदपुर।** कोल्हान क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल हरिणा मुक्तेश्वर धाम में रोजो संक्रांति के अवसर पर आयोजित मेले के पहले दिन पोटका विधायक संजीव सरदार ने परिवार सहित उपस्तित होकर विधिवत पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। मंदिर में बड़ी संख्या में



जुटे श्रद्धालुओं ने विधायक का आत्मीय स्वागत किया। पूजा के उपरांत विधायक श्री सरदार ने मेले का भ्रमण किया और सुरक्षा, सफाई, चिकित्सा सुविधा, जलापूर्ति समेत अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। विधायक ने मौके पर मौजूद डीएसपी संदीप भगत समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखने को कहा। विधायक श्री सरदार ने मेला परिसर में श्रद्धालुओं से भेंट कर उनका हालचाल भी जाना।

### नेचुरल स्माइल फाउंडेशन ने 100 बच्चों को कराया पर्यटन स्थलों का भ्रमण



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** गर्मी की छुट्टियों को खास बनाने की एक प्रेरणादायक पहल के तहत नेचुरल स्माइल फाउंडेशन ने शहर की स्लम बस्तियों में रहने वाले लगभग 100 बच्चों के लिए विशेष पर्यटन एवं मनोरंजन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अनूठी पहल का उद्देश्य उन बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाना था, जो संसाधनों के अभाव में गर्मी की छुट्टियों में घर से बाहर घूमने का सुख नहीं ले पाते। कार्यक्रम के अंतिम दिन बच्चों को सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर में बने स्विमिंग पूल में तैराकी सिखायी गयी। बच्चों ने जमकर मस्ती की और पहली बार पूल में तैरने का अनुभव प्राप्त किया। तैराकी में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को संस्था की ओर से सम्मानित किया गया, जिससे उनका आत्मविश्वास और उत्साह बढ़ा। फाउंडेशन के सदस्यों ने बताया पहले दिन बच्चों को जमशेदपुर के प्रमुख पर्यटन स्थलों की सैर करायी गयी थी। रविवार को तैराकी की शिक्षा देकर कार्यक्रम का समापन किया गया। बच्चों के साथ बिताए इन दो दिनों में उनके चेहरों पर जो खुशी दिखाई दी वह इस प्रयास की सबसे बड़ी सफलता है। बच्चों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा हमने कभी सोचा नहीं था स्विमिंग पूल देखेंगे या उसमें तैरेंगे। आज का दिन हम कभी नहीं भूल पायेंगे।

# पंचायत सेवक की मौत, बयान बदलने के पुलिस के प्रयास को डॉ लंबोदर महतो ने किया विफल

## पत्नी पर दबाव डालकर लिया जा रहा था गलत बयान, पूर्व विधायक के कड़े तेवर देख लिया फर्द बयान

## पंचायत सेवक ने डुमरी बीडीओ सहित तीन अन्य लोगों पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाकर खा लिया था जहर

आजाद सिपाही संवाददाता


सुखलाल महतो के परिजनों से बातें करते पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो।

**बोकारो।** पंचायत सेवक सुखलाल महतो अतत: जीवन की जंग हार गए। उनका रिम्स अस्पताल में निधन हो गया। मृतक पंचायत सेवक सुखलाल महतो ने डुमरी प्रखंड परिसर में डुमरी बीडीओ अन्वेषा ओना एवं अन्य तीन लोगों पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए जहर खा कर आत्महत्या का प्रयास किया था। इसके लिए इन्हीं लोगों को दोषी एवं जिम्मेवार बताया था। जहर खाने के बाद इलाज के लिए रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां रविवार को उनका निधन हो गया। इसके बाद उनके पूर्व में दिए बयान और उनकी पत्नी के दिए गए बयान को बदलने का प्रयास स्थानीय पुलिस की ओर से किया जा रहा था। इसकी खबर पाकर मौके पर पहुंचे पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने इस पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि जब मृतक ने पूर्व में ही अपना बयान दर्ज कर दिया है तो अब उनके मरने के बाद दबाव देकर उनकी पत्नी से गलत बयान लिया जाना पूरी तरह अव्यावहारिक, अनुचित और गैर कानूनी है। इस पर भी पुलिस की ओर से सही फर्द बयान नहीं लेने पर डॉ लंबोदर महतो ने कड़े तेवर अपनाते हुए इस विषय पर एसएसपी एवं डीसी से सीधे बात की। तब जाकर सही फर्द बयान दर्ज किया गया। डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि जब मृतक आत्महत्या से पहले अपना बयान दर्ज कर चुके हैं तो इस पर दबाव देकर बयान को बदलवाया जाना पूरी तरह अन्याय पूर्ण होता। उन्होंने कहा कि इस घटना की उच्च स्तरीय जांच की आवश्यक है। यह पूरी तरह से हत्या का मामला है। उन्होंने रिम्स अस्पताल में जहां मृतक को श्रद्धांजलि दी वहीं परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। बतातें चलें कि गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी अपने संसदीय क्षेत्र में हुई घटना पर शनिवार को ही रिम्स अस्पताल जाकर मृतक सुखलाल महतो को देखा था और उनके परिजनों से मुलाकात भी की थी। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर इस घटना की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग भी की थी।

# देवघर एम्स में 'ब्लड डोनेशन ऑन व्हील्स' शिविर का आयोजन, 64 यूनिट रक्त संग्रह

आजाद सिपाही संवाददाता




**देवघर।** एम्स अस्पताल में विश्व रक्तदाता दिवस पर 'ब्लड डोनेशन ऑन व्हील्स' कार्यक्रम के तहत स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसका आयोजन भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी देवघर के सहयोग से किया गया, जिसका उद्देश्य लोगों को नियमित रूप से रक्तदान करने के लिए प्रेरित करना और समाज में रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन एम्स देवघर के कार्यकारी निदेशक डॉ सौरभ वार्ष्णेय के संदेश एवं उप निदेशक (प्रशासन) लेफ्टिनेंट कर्नल अभिक दास सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस मौके पर अधिष्ठाता (अनुसंधान) डॉ प्रतिमा गुप्ता, चिकित्सा अधीक्षक डॉ सत्य रंजन पात्र, कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्रिंसिपल डॉ सी वसंता कल्याणी, आइआरसीएस देवघर के अध्यक्ष जितेश राजपाल, उपाध्यक्ष पीयूष जायसवाल और कोषाध्यक्ष राजकुमार बरनवाल शामिल रहे। दीप प्रज्वलन के बाद उप निदेशक (प्रशासन) और अन्य गणमान्य अतिथियों ने सभी उपस्थितों के साथ मिलकर नियमित रूप से रक्तदान करने, इसके महत्व को समाज में फैलाने और आवश्यकता पड़ने पर रक्तदान के लिए सदैव तत्पर रहने की शपथ ली। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का शुभारंभ सुबह 10.30 बजे हुआ, जिसमें देवघर सिविल सर्जन के नेतृत्व में सदर अस्पताल से आई रक्त केंद्र की टीम ने रक्त संग्रहण की जिम्मेदारी संभाली। इस शिविर में 70 से अधिक रक्तदाताओं ने भाग लिया, जिनमें से 64 को रक्तदान के लिए उपयुक्त पाया गया। सभी दाताओं को सम्मानित किया गया और उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर एम्स देवघर के उप निदेशक (प्रशासन), विभिन्न विभागों के संकाय सदस्य, नर्सिंग अधिकारी, प्रशासनिक कर्मचारी, छात्र, अभियंता, सुरक्षा कर्मी और अन्य स्वयंसेवकों ने मिलकर 64 यूनिट रक्त का दान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को यह संदेश देना था कि रक्तदान एक महादान है, और हर स्वस्थ व्यक्ति को इस पुनीत कार्य में भाग लेना चाहिए। आयोजकों ने यह भी संकल्प लिया कि भविष्य में ऐसे आयोजन और व्यापक स्तर पर किए जाएंगे ताकि हर जरूरतमंद को समय पर रक्त मिल सके।

# सीमा वाजपेयी ने डॉ अरुण गुटगुटिया को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए विख्यात पीएमजेएफ डॉ अरुण कुमार गुटगुटिया को लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 322ए की ओर से डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन सीमा बाजपेयी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें रविवार को एक समारोह में प्रदान किया गया, जिसमें क्लब के अध्यक्ष लायन शौकत नाज, सचिव लायन अटल चौरसिया, कोषाध्यक्ष लायन राजेश तिवारी, लायन परमेश्वर लाल गुटगुटिया, लायन सुमंत गुटगुटिया, लायन विजय आनंद लछिरामका, लायन महेश बथवाल, लायन प्रेम पाठक, लायन विनोद लछिरामका, लायन सुवेन्दु दा, लायन रामानुज मिश्रा एवं रेडक्रोस कार्यकारी सदस्य रामसेवक, दीपक मिश्रा आदि मौजूद थे। डॉ गुटगुटिया ने वर्षों से स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और जनकल्याण से जुड़े कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाई है। उनका मानना है कि सेवा ही सच्चा धर्म है। यही भावना उनके कार्यों में स्पष्ट झलकती है। लायंस डिस्ट्रिक्ट 322ए ने उनके सेवा-समर्पण और सामाजिक योगदान की सराहना करते हुए यह सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर डॉ गुटगुटिया ने कहा कि यह सम्मान मेरे लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। समाज की सेवा करते रहना ही मेरा ध्येय रहेगा।

# बोकारो हवाई अड्डे का नामकरण बिनोद बाबू के नाम पर करने की मांग

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** कुड़मी विकास मोर्चा की बैठक रविवार को बीबीएस कॉलेज परिसर में हुई। इसमें शामिल वक्ताओं ने बोकारो हवाईअड्डा का नामकरण बिनोद बाबू के नाम पर करने की मांग की। वक्ताओं ने बताया कि उक्त मांग को लेकर 23 अगस्त को दो दिवसीय पदयात्रा निकाली जाएगी। इस मौके पर पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार, महासचिव राजू महतो, महेंद्र महतो, अशोक महतो, संजय महतो और अनिल महतो आदि उपस्थित थे।


# जन कल्याण के लिए सभी जनप्रतिनिधिों के फंडों की पारदर्शी होना जरूरी : डिंपल चौबे

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की धनबाद महिला जिला अध्यक्ष डिंपल चौबे ने कहा कि वार्ड पंचायत, जिला, प्रखंड, विधायक या सांसद जितने भी जन सहयोग प्रतिनिधि है सभी के फंडों/मद कि जानकारी आम नागरिक को मिलनी चाहिए। ताकि वे सभी सुविधाओं का लाभ ले सकें। साथ ही अपने क्षेत्र के विकास कार्यों में भी अपना-अपना योगदान कर सकें। जनता द्वारा अनेक समस्याएं आती है उन्हें सरकारी लाभों का पता नहीं होता यहां तक की किस-किस मद से कौन-कौन सा काम लिया जा सकता है इसकी जानकारी सुदूर क्षेत्रों के आम जनता को नहीं है। मेरा मानना है कि प्रत्येक गांव, शहर में शिविर लगाकर जनता के अधिकारों की समुचित जानकारी उपलब्ध करानी चाहिए जिससे धरातल के विकास कार्यों में गतिशीलता लाया जा सके।




Urmila RCP Projects Pvt. Ltd.
10वें स्थापना दिवस पर
आजाद सिपाही परिवार
को हार्दिक बधाई
अटूट रिश्ते और स्नेह के लिए
धन्यवाद
OUR SPECIALITIES
We are expertise in various Water Packages Work.
We are Engineers, engaged in civil construction
We are registered with various Govt. organizations
We have executed Bridges, Culverts and Mass concrete works.
We Expert in Power Plant, Coal Washery and Steel Plant Projects.
We have worked on Road projects, Drainage systems & other Infra structural & industrial Development Projects.
We have also been in Real Estate focused on quality and customised flats as per customer needs.
Our Upcoming Project- Near DAV Alok, Pundag
1 MOUNT BLANK Residency Project of 200 Units of Residential Flats
2 LAKHAN RESIDENCY Pundag, Ranchi (Jharkhand)
ON GOING PROJECTS
12meter wide Foot Over Bridge at Shalimar Railway Station
12meter wide Foot Over Bridge at Shalimar Railway Station
Intake Well At Tilaiya Dam
140 meter long underpass at Shalimar Railway Station
Faculty quarters at IIT Kharagpur
COMPLETED PROJECTS
OUR CLIENTS
IRCON INTERNATIONAL LIMITED
EPI
NBCC
झारखण्ड सरकार
BHARAT SANCHAR NIGAM LTD
VOLTAS LIMITED
Enriching Lives
Head Office : 3rd Floor, Rcp Complex, Kadru Main Road, Opposite Hotel Pearl Regency, Ranchi. 834002
Branch Office: North Block-417, Astra Tower, New Town, Kolkata
9977066859, 7542034745
ho. urmilarcp@gmail.com | ho@urmilarcp.in

# धनबाद-बोकारो मुख्य मार्ग पर खुलेआम संचालित हो रहा 'लोहे का अवैध गोदाम'

## विभिन्न कोलियरियों से चोरी के लोहे यहां लाकर होता है कटिंग एवं माप-तौल

**यहां से चास भेजने और वहां से बाजार में खपाये जाने का आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** थाना अंतर्गत धनबाद-बोकारो मुख्य मार्ग स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के समीप वाटिका होटल के पीछे बने बाउंड्री वाल में एक अवैध लोहा गोदाम धड़ल्ले से संचालित हो रहा है। स्थानीय लोगों की मानें तो यह गोदाम चास निवासी वरुण नामक व्यक्ति के नाम पर चल रहा है, जो कथित रूप से क्षेत्र के एक प्रभावशाली पंचायत प्रतिनिधि के संरक्षण में है। सूत्रों की मानें तो बीसीसीएल की भाटडीह और महुदा क्षेत्र की विभिन्न कोलियरियों से चोरी किए गए महंगे लोहे के उपकरण रात के अंधेरे में इस गोदाम में लाए जाते हैं। यहां इनकी कटिंग और तौल कर माल को चास भेजा जाता है, जहां उसे बाजार में खपाया जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गोदाम में इस समय भी लाखों रुपये के अवैध लोहा सामग्री मौजूद है, लेकिन पुलिस, बीसीसीएल और सीआईएसएफ चुप्पी साधे हुए है। चौंकाने वाली बात यह है कि यह अवैध गोदाम धनबाद-बोकारो जैसे व्यस्त और संवेदनशील मुख्य मार्ग के ठीक किनारे स्थित है। इसके बावजूद किसी भी जिम्मेदार विभाग की नजर इस पर नहीं पड़ रही। यूं कहें कि जानबूझकर अनदेखा किया जा रहा है।



गोदाम में एकत्र कर रखा गया चोरी के लोहे के स्क्रैप।

### प्रशासनिक चुप्पी या मिलीभगत?

जिस तरह से यह अवैध गोदाम खुलेआम और निर्बाध रूप से संचालित हो रहा है, उसने स्थानीय पुलिस, बीसीसीएल प्रशासन और सीआईएसएफ की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर धनबाद-बोकारो जैसे हाईवे पर चल रहे इस अवैध कारोबार को क्यों नहीं रोका जा रहा? क्या यह मिलीभगत का नतीजा है या सिस्टम की लाचारी? वहीं, क्षेत्रवासियों ने इस पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। लोगों का कहना है कि जब तक इस तरह के अवैध कारोबार पर सख्त कार्रवाई नहीं होगी, बीसीसीएल कोलियरियों से बेशकीमती सरकारी संपत्ति की चोरी नहीं रुकेगी और यह पूरा नेटवर्क दिन-ब-दिन और मजबूत होता जाएगा।

### पुराने मामले भी खड़ा कर रहे सवाल

महुदा क्षेत्र में अवैध लोहा व्यापार की बात पहले भी सामने आ चुकी है। कुछ महीने पहले ग्रामरक्षा दल के समीप एक ऐसे ही अवैध गोदाम पर स्थानीय लोगों ने धावा बोलकर कई संदिग्ध पकड़े और और रस्सी से बांध दिए थे।खबर पाकर पुलिस और सीआईएसएफ भी पहुंची थी और वहां से बीसीसीएल की चोरी हुई मशीनरी के कीमती सामान बरामद किए थे।

# सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, तीन युवती और एक युवक गिरफ्तार



**बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)।** बाघमारा अनुमंडल के कतरास थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने कतरासगढ़ स्थित दुर्गा कॉलोनी में छापामारी कर वहां से तीन युवतियां और एक युवक को गिरफ्तार करने के बाद थाने लाकर पूछताछ जकर रही है। जानकारी के मुताबिक पुलिस को उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि दुर्गा कॉलोनी के एक मकान में अनैतिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उक्त स्थान पर छापा मारा। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।




# सदर अस्पताल में नवजात की मौत के बाद परिजनों का हंगामा

## नार्मल डिलीवरी में नर्सों पर अवैध वसूली का आरोप



आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** सदर अस्पताल में प्रसव के नाम पर एक महिला से अवैध वसूली का मामला सामने आया है। नार्मल डिलीवरी के नाम पर लेबर रूम की नर्सों पर 3000 रुपये लेने का आरोप है। हालांकि नार्मल डिलीवरी नहीं हो पाई तो महिला का सीजर करना पड़ा। इस दौरान बच्चे की तबियत बिगड़ गई और उसे रेफर करना पड़ा। परिजनों ने स्थानीय एक नर्सिंग होम में बच्चे को भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बच्चे की मौत से आक्रोशित परिजनों ने शनिवार की देर रात सदर अस्पताल पहुंचकर जमकर हंगामा किया। मृत नवजात की मां सिमरन कुमारी ने पूरे मामले की लिखित शिकायत सिविल सर्जन से की है। सिमरन का मायका देवघर के छत्तीसी मोहल्ले में है और उसका ससुराल तालझारी के पड़रिया गांव में है। परिजनों ने बताया कि प्रसव पीड़ा के बाद चार जून को महिला को सदर अस्पताल में लेकर आ थे। लेकिन डॉक्टर ने कहा कि अभी समय पूरा नहीं हुआ है। कम से कम सात दिन और लगेंगे। फिर महिला 10 जून को प्रसव पीड़ा के बाद सदर अस्पताल पहुंची तो जांच के बाद कहा गया कि बच्चा ठीक है। अभी डिलीवरी का समय नहीं हुआ है। 11 जून को भी महिला अस्पताल पहुंची तो उससे नार्मल डिलीवरी के नाम पर छह हजार रुपए की मांग की गई। लेकिन परिजनों ने कहा कि इतने पैसे देने की स्थिति में नहीं है। चार हजार में बात फाइनल हुई और तीन हजार जमा लिया गया। लेकिन सीजर के दौरान बच्चे की तबियत बिगड़ गई तो भय से नर्सों से परिजनों से बकाया एक हजार नहीं मांगा। उधर, परिजनों का आरोप है कि महिला की जांच करने वाली सदर अस्पताल की लेडी डॉक्टर ने उनलोगों से दुर्व्यहार भी किया था। पूरे मामले में सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ प्रभात रंजन का कहना है कि उनके संज्ञान में मामला नहीं आया है। रविवार की छुट्टी के कारण ऑफिस बंद है। फिर भी अगर ऐसा होता तो उनको इसकी सूचना जरूर मिलती।

# टुंडी के महुआटांड़ जंगल में फंदे से लटरा मिला युवती का शव



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** पूर्वी टुंटी थाना क्षेत्र के रामपुर पंचायत के महुआटांड़ गांव के समीप स्थित जंगल में रविवार की सुबह 10 बजे पेड़ से लटकता एक युवती का शव बरामद किया गया। युवती सलवार कमीज पहन रखी थी। जबकि दुपट्टे के सहारे उसका शव लटक रहा था। युवती के शव का चेहरा क्षत विक्षय था और आसपास काफी दुर्गंध आ रही थी। इससे प्रतीत हो रहा था कि शव कुछ दिन पुरानी है। लोगों को आशंका है कि युवती की हत्या कर शव को पेड़ से लटका दिया गया है। उधर, घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पूर्वी टुंडी झाने की पुलिस ने पेड़ से शव को उतरवाया और कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो सकी है। वहीं, पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का पता चल सकेगा।

## विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

# वृद्धा आश्रमों में रहने वाले वृद्धजनों से दुर्व्यवहार नहीं, सम्मान दें : न्यायाधीश

**न्यायाधीश ने किया दो वृद्धाश्रमों का दौरा, दिया जरूरी निर्देश एवं जानकारियां**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** झालसा और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश पर पंचायत स्तर पर बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार न हो उसके लिए रविवार को एक दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया गया। इस कड़ी में न्यायाधीश मयंक तुषार टोपलों ने दो वृद्धाश्रम का दौरा किया। इस बाबत जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह डालसा सचिव मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि जिले के सभी प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया गया है। जिले में स्थित ओल्ड ऐज होम सबलपुर और आसनडाबर, कदैया टुंडी रोड स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में आवासित सभी 70 वृद्धजनों से मुलाकात की एवं उनकी स्थिति को जाना। न्यायाधीश ने वृद्धा आश्रम के संचालक नौशाद गद्दी को निर्देश दिया कि दोनों ही जगह पर आवासित वृद्धजनों को किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो। सभी को सरकार की ओर से चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाए। उन्होंने बताया कि वृद्धाश्रम आने का मुख्य उद्देश्य बुजुर्गों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार और उपेक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। बुजुर्गों के अधिकारों की रक्षा करने और उनके साथ सम्मान और गरिमा के साथ व्यवहार करने के महत्व पर प्रकाश डालना है। साथ ही आज की पीढ़ी के युवाओं के संदेश दिया गया कि अपनी बुजुर्गों का अधिकार एवं सम्मान की रक्षा करें। इस दौरान अधिवक्ता मीना कुमारी, एलएडीसीएस टीम, डालसा सहायक सौरभ सरकार, राजेश कुमार सिंह की ओर से बुजुर्गों के बीच दैनिक जरूरत की सामग्री का वितरण किया गया। वहीं, आश्रम के सभी बुजुर्गों ने डालसा सचिव को आशीर्वाद दिया। आश्रम के सभी बुजुर्गों, अध्यक्ष नौशाद गद्दी और कोषाध्यक्ष प्रशांत वर्मा ने डालसा सचिव मयंक तुषार टोपनो को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।



# इचाक मोड़ सर्विस रोड से हटेगा अतिक्रमण


**लोगों की समस्याओं को देखते हुए प्रखंड प्रशासन ने सर्विस रोड से अतिक्रमण हटाने का निर्णय लिया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** जिले के इचाक मोड़ स्थित सर्विस रोड पर दुकानदारों, ठेला खोमचा, सब्जी, फल बेचने वालों समेत अन्य व्यवसाईयों ने अतिक्रमण कर रखा है। जिससे सर्विस रोड से गुजरने वालों को समस्या झेलनी पड़ती है। एनएच के दोनों ओर के सर्विस रोड पर इस कदर अतिक्रमण किया गया है कि बाइक और कार वालों को नहीं चाहते हुए भी मुख्य सड़क से ही आना जाना पड़ता है। कई जगहों पर तो इस कदर कब्जा जमाया गया है कि सर्विस रोड संकीर्ण हो गया है। लोगों की समस्याओं को देखते हुए प्रखंड प्रशासन ने सर्विस रोड से अतिक्रमण हटाने का निर्णय लिया है। इसके लिए प्रशासन द्वारा अनाउंस भी करवाया जा रहा है। इचाक अंचलाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता ने कहा कि 17 जून को सर्विस रोड से अतिक्रमण हटाया जायेगा, इसकी तैयारी कर ली गयी है। साथ ही कहा कि जो भी सर्विस रोड या सड़क को अतिक्रमण किये है खुद हटा लें नहीं तो हटाने के बाद कानूनी कार्रवाई करते हुए उनसे कार्रवाई में हुआ खर्च भी वसूला जायेगा।





























# आजसू पार्टी का बलिदान दिवस 22 जून को

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू।** आजसू पार्टी का मांडू विस स्तरीय बैठक रविवार को कुजू पूर्वी पंचायत सचिवालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता मांडू प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष रामवृक्ष महतो और संचालन डाड़ी प्रखंड अध्यक्ष भुनेश्वर महतो ने किया। बैठक में मुख्य रूप से मांडू विधायक निर्मल महतो शामिल रहे। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती पर चर्चा करते हुए आगामी 22 जून को हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम खेलगांव रांची में आजसू पार्टी का स्थापना दिवस के रूप में बलिदान दिवस मनाया जायेगा। जिसमें मांडू विस क्षेत्र से सैंकड़ों वाहन में कार्यकर्ता रवाना होंगे। जिसे लेकर ग्राम स्तर से लेकर जिला स्तर तक संयोजक और प्रभारी को विशेष दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर निर्मल महतो ने कहा कि पार्टी सभी कार्यकर्ताओं के साथ खड़ा है। मौके पर नरेश महतो, रामभजनलाल महतो, तेजनाथ महतो, नरेश प्रसाद साहू, भोला तूरी, तपेश्वर महतो, जयकिशोर महतो, शक्ति महतो, लालचंद महतो, बिरजूनाथ महतो, रघुनाथ महतों, युगेश्वर महतो, सुरेश कुशवाहा, सुरेंद्र कुमार महतो, सहदेव मांझी, बैजनाथ राम, राजेश शर्मा, सरिता सिंह, मदन महतो, बैजनाथ राम, हेमनी देवी, आशा देवी, रेखा देवी, कुमारी नीलम, अनिता पाठक, रीना देवी, शीला देवी, इशिका गिरि, पुरन गंझू, विनोद कुमार यादव, फुलेश्वर साव, इंद्रलाल महतो, मुकेश कुमार महतो, राजकुमार महतो, सुदर्शन भुईयां आदि शामिल रहे।






























# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडू।** मांडू थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पुंडी के मुस्लिम टोला में 31 वर्षीय युवक ने बीती रात फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। सुबह जब परिजनों ने शव को रस्सी के फंदे से लटका देख चीख पुकार शुरू कर दी। घटना की जानकारी पाकर मौके पर थाना प्रभारी सदानंद कुमार पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। युवक ने फांसी क्यों लगायी इस संबंध में कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आयी है। लेकिन पुलिस मामले को लेकर सभी बिंदुओं पर गहनता से जांच पड़ताल कर रही है। घटना शनिवार देर रात की है। बताया जाता है कि मृतक शकील रजा उर्फ बद्रू पिता सकुर अंसारी पूंडी मुस्लिम टोला निवासी रात में खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह जब वह कमरे से नही निकला तो उसके परिजन उसे उठाने के लिए कमरे में पहुंचे तो देखा कि शकील रस्सी के फंदे से लटका हुआ है। परिजनों का चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग इकट्ठे हो गये और पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद थाना प्रभारी सदानंद कुमार मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ भेज दिया। थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने कहा कि मृतक का पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का खुलासा होगा। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# रजरप्पा में पतंजलि योग समिति चितरपुर प्रखंड का हुआ पुनर्गठन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रजरप्पा।** रविवार को पतंजलि योग समिति की बैठक मध्य विद्यालय मुरुबंदा में प्रमोद कुमार पासवान के अध्यक्षता में की गयी। बैठक में मुख्य रूप से पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी बासुदेव कुमार, संगठन मंत्री राम किशोर प्रसाद, किसान प्रभारी भीम नाथ महतो उपस्थित हुए। इस दौरान पतंजलि प्रभारी ने कहा की स्वामी जी के



उद्देश्य को पूरा करने के लिए घर घर तक योग को पहुंचाना, वहीं योग कक्षा का विस्तार करना जरूरी है। ताकि लोग निरोग रह सके। संगठन मंत्री राम किशोर प्रसाद ने कहा की योग से ही रोग दूर होता है। इसलिए लोगों को रोज योग करना चाहिए। बैठक में 21जून विश्व योग दिवस रजरप्पा स्टेडियम में मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही जिला प्रभारियों के देख रेख में चितरपुर प्रखंड समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमें संरक्षक सुरेंद्र प्रसाद, भुनेश्वर दांगी, कमलेश केसरी, भारत स्वाभिमान प्रभारी प्रमोद कुमार पासवान, पतंजलि योग समिति प्रभारी देव कुमार, युवा भारत उमेश कुमार, किसान सेवा स.अशेश्वर कुमार महतो, महा मंत्री देवधारी करमाली, योग विस्तारक मनोज कुमार, मीडिया प्रभारी अरुण कुमार दांगी, संगठन मंत्री झलकू महतो, कोषाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद, महिला प्रभारी एकता कुमारी, महिला सह प्रभारी सुनीता कुमारी, महिला महा मंत्री कुमारी इंदुबाला के अलावा कई कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।




# केरेडारी में एनटीपीसी ने किया पौधरोपण





आजाद सिपाही संवाददाता

**केरेडारी।** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना के द्वारा रविवार को बिरहोर टोला में एक विशेष सामाजिक और पर्यावरणीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिरहोर स्कूली बच्चों के बीच जूता वितरण और वृक्षारोपण अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह आयोजन परियोजना प्रमुख नवीन गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया जिनके नेतृत्व में परियोजना निरंतर सामाजिक दायित्वों की पूर्ति के लिए तत्पर रहता है। कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय विद्यालय के छात्रों को उनकी उम्र और आवश्यकता के अनुसार जूते वितरित किये गये। यह पहल बच्चों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी क्योंकि इससे उन्हें स्कूल आने-जाने में सुविधा मिलेगी, उनके स्वास्थ्य की रक्षा होगी और उनमें आत्मसम्मान और आत्मविश्वास की भावना भी विकसित होगी। यह पहल बच्चों की शिक्षा में नियमितता और भागीदारी को बढ़ावा देगी। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस 2025 की श्रृंखला में वृक्षारोपण अभियान भी चलाया गयो परियोजना ने बिरहोर टोला के मुख्य परिवहन मार्ग के दोनों ओर 250 पौधों का रोपण किया गया। इस वृक्षारोपण का मुख्य उद्देश्य बिरहोर टोला के चारों ओर एक प्राकृतिक हरित परिधि तैयार करना है जो धूल और प्रदूषण को कम करने में सहायक सिद्ध होगी। यह पहल पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सामाजिक कल्याण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। परियोजना द्वारा उठाए गये इस प्रकार के प्रयास स्थानीय समुदाय के सतत विकास, स्वास्थ्य और शिक्षा में सहयोग प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में चट्टी बरियातु के मुखिया झरीलाल महतो, अपर महाप्रबंधक विजय किशोर, नीलमाधव स्वैन, यतीश कुमार और उप महाप्रबंधक अशोक कुमार और बी नवीन कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।









## भुरकुंडा में सीपीएम की जेनरल बॉडी बैठक संपन्न



**भुरकुंडा(आजाद सिपाही)।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीएम) की जिला स्तरीय जेनरल बॉडी बैठक रविवार को भुरकुंडा स्थित पार्टी कार्यालय में हुई। इसकी शुरूआत जिला सचिव राजेन्द्र सिंह चंदेल के नेतृत्व में पार्टी का लाल झंडा फहराकर की हुई। इसके बाद शहीद वेदी पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक के प्रथम सत्र की अध्यक्षता जिला कमिटी सदस्य बलभद्र दास ने की। इस सत्र में तमिलनाडु के मदुरै में संपन्न सीपीएम की 24वीं पार्टी कांग्रेस की रिपोर्ट रखते हुए राज्य कमिटी सदस्य कॉमरेड रामचंद्र ठाकुर ने कहा कि सीपीएम ही देश की एकमात्र पार्टी है जिसमें आंतरिक लोकतंत्र पूरी तरह लागू है। पार्टी के सभी नेता नीचे से चुने गये प्रतिनिधियों द्वारा निर्वाचित होते हैं और हर तीन साल पर होने वाले महाधिवेशन से पूर्व आम नागरिकों से भी राजनीतिक प्रस्तावों पर सुझाव आमंत्रित किये जाते हैं। इस बार देश-विदेश से आये चार हजार से अधिक सुझावों में से कई को स्वीकार कर पार्टी के राजनीतिक प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया है। द्वितीय सत्र को संबोधित करते हुए माकपा के राज्य सचिवमंडल सदस्य व रामगढ़ जिला प्रभारी संजय पासवान ने कहा कि कम्युनिस्ट पार्टी अन्य दलों से अलग है, जिसका उद्देश्य सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक बदलाव लाकर शोषणविहीन समाज की स्थापना करना है। उन्होंने कहा कि एक ऐसा समाज जिसमें भूख, बेरोजगारी और गरीबी न हो, सभी को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की गारंटी मिले, केवल समाजवादी व्यवस्था से ही संभव है, जिसके लिए पार्टी सतत संघर्षशील है। बैठक में 17 जून को फिलिस्तीन एकजुटता दिवस मनाने का निर्णय भी लिया गया। यह प्रस्ताव अमेरिकी साम्राज्यवाद के समर्थन से गाजा में हो रहे इजरायली नरसंहार, इरान पर थोपे जा रहे युद्ध, और विश्वभर में बढ़ते युद्धोन्माद के खिलाफ शांति और मानवता के पक्ष में वाम दलों के राष्ट्रीय आह्वान के तहत लिया गया। प्रशिक्षण शिविर में रामगढ़ जिला के गोला, पतरातू, मांडू और रामगढ़ प्रखंड से आए चुने हुए 50 कार्यकताओं ने भाग लिया। इस मौके पर धनेश्वर महतो, अशोक सिंह, राजू विश्वकर्मा, कन्हैया रविदास, नजमा खातून, देवनाथ महली, परमेश्वर उरांव, संतोष कुमार सिंह, शशिकांत दुबे सहित अनेक नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## छोटे से घर में श्याम बड़ा दिलदार रहता है...

# पीले गेंदे की फूलो से सजा दरबार, भाव-भक्ति में डूबा श्याम का कीर्तन महोत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता


**झुमरीतिलैया।** श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला गुरुद्वारा रोड स्थित पंजाबी धर्मशाला में, जहां श्री श्याम सेवा मंडल द्वारा आयोजित सातवां अरदास कीर्तन अपार श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम शुभाष पहाड़ी के माता-पिता आशा देवी और नंदकिशोर प्रसाद की 50वीं वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित किया गया था। बाबा श्याम का दरबार पीले गेंदे के फूलों, रत्न-जटित श्रृंगार, रंग-बिरंगी लाइटों और इत्र वर्षा से ऐसा सजा था कि श्रद्धालु उसकी एक झलक पाने को आतुर दिखे। फूलों की महक और भजनों की गूंज के बीच बाबा की मौजूदगी जैसे हर भक्त के मन में उतर आयी। फूलों की होली और इत्र-वर्षा ने पूरे माहौल को दिव्यता से भर दिया। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और भक्ति के साथ बाबा के चरणों में शीश नवाया। गौतम पांडे की अगुवाई में विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कराई गई। इसके बाद मिठाई, फल, पकवान, मेवे और व्यंजनों से सजे भोग को देखकर श्रद्धालु



भावविभोर हो उठे। इलाहाबाद से आईं पूजा छाबड़ा और बोकारो से आईं श्वेता कुमारी ने भजनों की ऐसी गंगा बहाई कि पूरा पंडाल झूम उठा। पूजा छाबड़ा ने बोलो बोलो प्रेमियों, श्याम बाबा की जय...मेरे पलकों का घर श्याम सांवरे, मेरे प्यारे सांवरे..छोटे से घर में श्याम बड़ा दिलदार रहता है.. श्वेता कुमारी ने राधे-राधे जपो चले आयेंगे बिहारी..श्याम तेरे नाम की इतनी मिठास है..। स्थानीय कलाकारों ने भी मंच पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करायी। सुरेश यादव ने कीर्तन की है रात बाबा, आज थाने आनो है.. धीरज पांडे ने लगा रहे मेरा खाटू का आना-जाना...इतनी कृपा बरसाना, बाबा मुझको अपना बनाना..आराध्या सिन्हा ने इतनी सेवा सांवरे बनाए रखना, मरते दम तक सेवा में लगाए रखना.. शरण तेरी बाबा, जीवन मेरा तेरा.. पंकज केशरी ने हारे के सहारे आजा, बाबा जी आजा..जैसे भजनों ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरा पंडाल ह्यहारे का सहारा बाबा श्याम हमारा के जयकारों से गूंजता रहा। कार्यक्रम के अंत में श्री श्याम सेवा मंडल के अध्यक्ष जोशी कुमार ने बताया कि आगामी 9 जुलाई को सीताराम केशरी के निवास पर अगला भजन संध्या कार्यक्रम संपन्न होगा। इस आयोजन को सफल बनाने में जयकांत कान्ते, पप्पू भगत, मनिष पहाड़ी, आशीष पहाड़ी, वीर कुमार गुप्ता, पंकज तर्वे, वीनीत पहाड़ी, बब्लू मोदी, उत्सर्ग भदानी, बबलू पहाड़ी, चिक्कू सेठ, बिट्टू पहाड़ी, संदीप लोहानी, दीपक पटेल, दीपेश जेठवा, सीताराम केशरी, रणधीर कपसीमे समेत दर्जनों श्रद्धालुओं का सराहनीय योगदान रहा।

## पुलिस ने मोटरसाइकिल से बरामद किया अंग्रेजी शराब

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना पुलिस ने स्थानीय हनुमान मंदिर के समीप वाहन चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल जेएच12आर 6635 पर प्लास्टिक की बोरी में रखे भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जप्त किया। बाइक में लोड बोरी से पुलिस ने आरएस ब्रांड 750 एमएल का 12 बोतल, आइकॉनिक व्हाइट ब्रांड 750 एमएल 12 बोतल और मैजिक मोमेंट ब्रांड 750 एमएल 10 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया। मामले को लेकर एसआई दाऊद बाड़ा के बयान पर कोडरमा थाना कांड संख्या 94/25 में प्राथमिकी दर्ज किया गया। दर्ज प्राथमिकी में एसआई ने कहा है कि वह पुलिस दल के साथ हनुमान मंदिर के समीप वाहन जांच कर रहा था। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि मोटरसाइकिल से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब अवैध रूप से झुमरीतिलैया से कोडरमा होते हुए बिहार तस्करी किया जा रहा है। सूचना के आलोक में वाहन जांच सघन पूर्वक किया जा रहा था। इसी क्रम में उक्त मोटरसाइकिल पर सवार व्यक्ति पुलिस को देखते, अपनी मोटरसाइकिल को पंजाब होटल के समीप खड़ा कर फरार होने में सफल रहा। मोटरसाइकिल की तलाशी ली गयी और तलाशी के क्रम में प्लास्टिक की बोरी में रखे शराब बरामद किया गया।




## संजय कुमार सिंह यादव झारखंड प्रदेश अध्यक्ष के लिए निर्विरोध निर्वाचित


आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** संजय कुमार सिंह यादव झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल का 2025-2028 के लिए प्रदेश अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित हुए। इस संबंध में राजद झारखंड प्रदेश के राज्य निर्वाचन पदाधिकारी गिरधारी गोप ने जानकारी दी। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति बताया कि प्रदेश राजद के सांगठनिक चुनाव 2025-2028 के क्रम में प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हुई थी। 14 जून को 02 बजे दिन तक नामांकन पत्र प्राप्त किया गया। इसमें तीन सदस्यों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया था। 15जून को प्राप्त नामांकन पत्रों की जांच/स्क्रूटनी की गयी। स्क्रूटनी में पाया गया कि पहला आवेदनकर्ता संजय कुमार सिंह यादव का है। इनके सभी दसों प्रस्तावक राज्य परिषद के सदस्य हैं। इसलिए संजय कुमार सिंह यादव का आवेदन स्वीकृत किया गया। वहीं दूसरे उम्मीदवार अभय कुमार सिंह के कोई भी प्रस्तावक राज्य परिषद के सदस्य नहीं थे। इसलिए इनका नामांकन पत्र रद्द किया गया। साथ ही तीसरे उम्मीदवार सदाकत हुसैन अंसारी के सभी प्रस्तावक राज्य परिषद के सदस्य नहीं थे। इसलिए इनका नामांकन पत्र भी रद्द कर दिया गया। चुनाव मैदान में प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए सिर्फ एक मात्र नाम संजय कुमार सिंह यादव का बचा। इसलिए संजय कुमार सिंह यादव को झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल का 2025-2028 के लिए प्रदेश अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित किया गया है।

## विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में रविवार को मंडल कारा कोडरमा में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसके अलावा जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से मंडल कारा कोडरमा में स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के एलएडीसी की अधिवक्ता किरण कुमारी ने कहा कि जेल में आने वाला हर बंदी अपराधी नहीं होता। बंदियों को अपराध की दुनिया से निकलकर समाज की मुख्य धारा में शामिल होना चाहिए।















# मांगों को लेकर किसानों का बेमियादी जल समाधि सत्याग्रह आंदोलन शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा झारखंड में किसानों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व सड़क परिवहन मंत्री नीतिन गडकरी का फोटो और मांगो से संबंधित पोस्टर लेकर अनिश्चितकालीन जल समाधि सत्याग्रह आंदोलन शुरू कर दिया है। टोरी चंदवा में फ्लाई ओवरब्रिज और फुट ब्रिज निर्माण चालु कराने समेत कई मांगों को लेकर चटुआग डैम के पानी में दो घंटे खड़े होकर किसानों ने किया आंदोलन। महिलाएं भी हौसला बढ़ाने के लिए उनके साथ डैम में खड़ी हो गयी। आंदोलन की अगुवाई कर रहे किसान सह पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने चेतावनी दी है कि अगर फ्लाई ओवरब्रिज व बंद पड़े फुट ब्रिज का कार्य जल्द शुरू नहीं की जाती है तो किसान जल समाधि लेने पर मजबूर हो जायेंगे जिसकी जिम्मेदारी केंद्र तथा राज्य सरकार की होगी। आगे कहा कि केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चार वर्ष पूर्व ओवरब्रिज का शिलान्यास करके वायदा नहीं निभाया इसलिए जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी तब तक आंदोलन यूं ही चलता रहेगा, जब सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन सरकार इतनी बड़ी जन समस्या जहां फाटक जाम से लाखों लोग प्रतिदिन बुरी तरह प्रभावित हों उनकी अंदेखी करेंगे तो जल समाधि लेने के सिवाय किसानों के पास और कोई चारा नहीं है। सत्याग्रह में शामिल महिला किसान मानती देवी, रानो देवी ने कहा कि हमारी सरकार सुन नहीं रही है इसीलिए हम जल समाधि ले रहे हैं, फ्लाई ओवरब्रिज नहीं रहने से महिलाओं को परेशानी होती है, फाटक जाम पर सड़क में ही महिलाओं की डिलीवरी बच्चे का जन्म हो जा रहा है अस्पताल पहुंच ही नहीं पाते। किसान सह मुखिया नरेश भगत, किसान रवि शंकर गंझु, सनिका मुंडा गुजर भोगता, माईकल हंस ने कहा कि जल समाधि सत्याग्रह के दौरान किसानों के साथ अनहोनी दुर्घटना होती है तो उसकी जिम्मेदारी नीतिन गडकरी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की होगी, कहा कि केंद्र और राज्य सरकार खुद को जनता की हितैषी बताती है लेकिन जमीनी स्तर पर समस्याओं को लगातार नजर अंदाज किया जा रहा है। जल समाधि सत्याग्रह में किसान सह पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, मुखिया नरेश भगत, रवि शंकर गंझु, त्रिभुवन गंझु, जसीमुद्दीन खान, सजेबुल खान, राहुल गंझु, गुजर भोगता, सहजीवन भोगता समेत दर्जनों किसान शामिल हुए।

# 15 से 30 तक जनजातीय बहुल गांवों में चलेगा अभियान : डीसी

## विभिन्न सरकारी योजनाओं का लोगों को दिलाया जायेगा लाभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने कहा कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 15 से 30 जून तक लोहरदगा जिला के सभी जनजातीय बहुल ग्रामों में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का यहां के लोगों को लाभ देने के लिए विशेष अभियान चलाया जाना है। जिले के 66 पंचायतो में से 63 पंचायत जनजातीय बहुल हैं। इस अभियान के तहत देश के आकांक्षी जिलों में 63,000 से अधिक जनजातीय बहुल गांवों को आच्छादित किया जाना है। उक्त बातें उपायुक्त डॉ ताराचंद ने जिले के प्रेस को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत कुल 17 मंत्रालयों के समन्वित प्रयासों से 25 योजनाओं पर ध्यान केन्द्रित किया जायेगा। जिसमें; बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, आजिविका आदि में महत्वपूर्ण कमियों को समाप्त करना और जनजातीय क्षेत्रों और समूहों के समग्र और सतत विकास को सुनिश्चित करना है। उक्त अभियान के तहत लोहरदगा जिले में कुल 205 ग्रामों को पंचायतवार चिंहित किया गया है। इस योजना के अंतर्गत पचास प्रतिशत या उससे अधिक अनुसूचित जनजाति जनसंख्या वाले ग्रामों को लिया गया है। इसका लक्ष्य जनजातिय समुदायों के जीवन स्तर में सुधार लाना और उन्हें सरकारी योजनाओं को लाभ पहुंचाना है। इस अभियान के तहत इन गांवों में इस दौरान प्रखंडवार विभिन्न शिविरों का आयोजन किया जायेगा।






# चैनपुर में करंट लगने से युवक की मौत

**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड के बेंदोरा पंचायत अंतर्गत छतरपुर गांव के लिम्पन कुजुर पिता जॉन पीटर कुजुर (25) की करंट लगने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लिम्पन कुजुर घर के पास के कुएं में कपड़ा धोने के लिए पानी भरने के लिए टुल्लू पंप चलाने गया था तभी खुले तार के संपर्क में आ जाने से उसे करंट लग गई परिजनों ने देखा तो लाइन कटा जिसके बाद वह जमीन पर गिर पड़ा। परिजनों ने जब लिम्पन को देखा तो उसकी हालत गंभीर थी। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पंचायत के मुखिया सुशील दीपक मिंज को दी। मुखिया के द्वारा लिम्पन को चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल छाया हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के लोग भी इस घटना से सदमे में हैं और लिम्पन के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त कर रहे हैं। मुखिया सुशील दीपक मिंज ने भी परिजनों को हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया है। घटना की सूचना मिलने पर चैनपुर पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गयी है।

# सेरका में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान शुरू



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सेरका पंचायत भवन में रविवार को जनजातीय गौरव वर्ष के अवसर पर आयोजित धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आदिवासी हरिजन एवं पिछड़ा वर्ग के लोगों को सत प्रतिशत सरकारी योजनाओं का लाभ देना है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को योजना का लाभ तभी मिल सकता है, जब पूरी योजना जानकारी लोगों को हो। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने पर निश्चित तौर पर लोगों का विकास होगा, इस लिए सरकार का यह प्रयास है कि उनके द्वारा चलाई जा रही है तमाम योजनाओं का लाभ सभी लोगों को सत प्रतिशत मिल सके। मौके पर बीडीओ ने मनरेगा, पीएम आवास, जनमन आवास, अबूआ आवास, 15वें वित्त आयोग, किसान क्रेडिट कार्ड, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, मैया सामान सहित तमाम सरकारी योजनाओं की जानकारी दे कर लोगों को जागरूक किया गया, ताकि सभी लोग योजनाओं का लाभ ले सके। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम पूरे बिशुनपुर प्रखंड में चलेगा जिसका आज सेरका पंचायत से शुरूआत हो रहा है। इस मौके पर पंचायत सचिव किरण कुसुम खलखो, बीपीआरओ जितेंद्र भगत, स्थानीय मुखिया सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।






# लोहरदगा तेली समाज के जिलाध्यक्ष प्रो शिवदयाद और महासचिव सोहन साहू बने



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज, लोहरदगा जिला का अधिवेशन सह जिला कमिटी चुनाव शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिलेभर के प्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने भाग लिया। अध्यक्ष पद के लिए दो नामांकन प्रो शिवदयाल साहु एवं मनोज साहु दाखिल हुए थे, जबकि महासचिव पद के लिए सोहन साहु का नामांकन एकमात्र होने के कारण उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। वही समाज में मतभेद की संभावना को देखते हुए वरिष्ठजनों की सलाह से मुख्य अतिथि द्वारा प्रो शिवदयाल साहु को जिला अध्यक्ष और मनोज साहु को तेली धर्मशाला अध्यक्ष नामित किया गया। समाज के जिलाध्यक्ष का कार्यकाल पांच सालों के लिए रहेगा। इस निर्णय पर सभी सदस्यों ने सहमति जतायी। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अरुण साहु ने कहा, मेरे पिता स्व तिलेश्वर साहु का लोहरदगा से गहरा लगाव था। आप दोनों समाज के स्तंभ हैं, मिलकर संगठन को फिर से सशक्त बनाना है। मेरी पूरी मदद आपके साथ रहेगी। विशिष्ट अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष उदासन नाग ने कहा कि आने वाले समय में सामाजिक और राजनीतिक परिवर्तन की आवश्यकता है। ह्ल2026 में परिसीमन लागू होगा, जिससे पिछड़ी जातियों को राजनीतिक लाभ मिलेगा, परंतु पेशा कानून से सदान समाज को नुकसान होगा। अतः इसका संगठित होकर विरोध करना जरूरी है। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष प्रो. शिवदयाल साहु ने कहा, आपके सहयोग के बिना कोई नेतृत्व संभव नहीं। मैं गांव-गांव जाकर संगठन को मजबूत करूंगा और फिर से भव्य अधिवेशन कराउंगा। वहीं मनोज साहु ने धर्मशाला के अधूरे कार्यों को पूर्ण करने और हर कार्यक्रम में सहयोग देने की प्रतिबद्धता जतायी। कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिला अध्यक्ष कैलाश साहु ने किया और धन्यवाद ज्ञापन भागवत साहु ने प्रस्तुत किया।

# ठनका गिरने से युवक की मौत, दूसरा घायल

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातु पंचायत अन्तर्गत तोड़ार सरना टोली में वज्रपात की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर अचानक मौसम का मिजाज बदला और हल्की बूंदाबांदी के साथ तेज गर्जना शुरू हो गयी। इसी दौरान गांव के दो युवक शनीचरवा केरकेट्टा के 28 वर्षीय पुत्र संजय केरकेट्टा एवं भुनेश्वर भगत के 25 वर्षीय पुत्र कवींद्र केरकेट्टा अपने घर के समीप स्थित पुलिया पर बैठे हुए थे। तेज गर्जन के बीच अचानक वज्रपात हुआ, जिसकी चपेट में दोनों युवक आ गये। संजय केरकेट्टा की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गयी, जबकि कवींद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों और परिजनों की सहायता से दोनों को तत्काल लोहरदगा सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने संजय को मृत घोषित कर दिया। घायल कवींद्र केरकेट्टा का इलाज जारी है, और डॉक्टरों के अनुसार उसकी हालत अब खतरे से बाहर है। संजय केरकेट्टा एक मिलनसार और लोकप्रिय युवक के रूप में जाना जाता था। घटना की सूचना पाकर भड़गांव पंचायत के पूर्व मुखिया प्रकाश उरांव मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिजनों से मिलकर उन्हें ढाढ़स बंधाया एवं हर संभव मदद का आश्वासन दिया।







# चेंबर गौशाला की व्यवस्था में सहयोग करें : अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की एक बैठक में प्रथम महापौर अरुणा शंकर के अनुरोध पर शहर के एकमात्र श्री गौशाला बारहलोटा की देखरेख में सहयोग करने का निर्णय लिया गया। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने अनुरोध किया था कि जैसे चेंबर राजा हरिश्चंद्र घाट का सुंदर ढंग से कोरोना काल से अब तक देख-रेख करता आ रहा है उसी तरह शहर के इस एक मात्र गौशाला को भी शुव्यवस्थित करने में अपना योगदान दे। यह एक पुनीत कार्य है। इसमें जो भी आर्थिक सहयोग होगा सदस्यों के साथ वे भी करेंगीं। इस पर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति जताई। कहा कि हम सब एक कमेटी बनाकर जैसे राजा हरिश्चंद्र घाट का संचालन कर रहे हैं वैसे ही गौशाला कमेटी के साथ मिलकर उनको सहयोग किया जाएगा।

# सेवा सदन बनाने में रहा स्व रतन देवी जैन का बड़ा योगदान : आनंद शंकर

## पलामू चेंबर की बैठक में दिवंगत व्यापारियों-समाजसेवियों के निधन पर जताया शोक

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की बैठक रविवार को होटल ज्योतिलोक सभागार में हुई। इस दौरान सभी सदस्यों ने चेंबर के वरिष्ठ सदस्य सह शहर के प्रतिष्ठित व्यवसाई समाजसेवी सुरेश जैन, हेमंत जैन जी की मां रतन देवी जैन जिनके प्रयास से सेवा सदन का निर्माण हुआ की अकस्मात मृत्यु पर मौन रखकर अपनी संवेदना प्रकट की। इस अवसर पर चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा कि सुरेश जैन का परिवार हमेशा से सामाजिक रहा है। समाज के हर दुख सुख में खड़ा रहता है। जबकि उनकी माता स्वर्गीय रतन देवी जैन ने सुरेश बाबू के पिता स्वर्गीय प्रकाश चंद जैन जी द्वारा शुरू की गई प्रकाश चंद जैन सेवा सदन की योजना को अपने अथक प्रयास से पूरा करने में योगदान दिया, जो आज शहर के लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में वरदान है। बैठक में कुछ दिन पूर्व दवा व्यवसाई सप्त ऋषि भट्टाचार्य की तबीयत खराब होने के बाद रांची में अचानक मृत्यु होने पर भी दुख प्रकट किया गया। दिवंगत सप्त ऋषि भट्टाचार्य, सुमित्र भट्टाचार्य जो ग्रामीण बैंक से अभी अभी सेवानिवृत हुए और एक सामाजिक कार्यकर्ता होने के नाते सेवा सदन में निःशुल्क योगदान दे रहे थे, के छोटे भाई थे। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने रतनलाल प्रकाश चंद जैन परिवार में आए दुख एवं सौमित्रों दादा के परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की और समाज में इन परिवार द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों में दिए गए योगदान को दोहराया। अंत में अहमदाबाद में हुए विमान दुर्घटना में मारे गए यात्रियों की आत्मा के शांति के लिए भी मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गयी। इस मौके पर चेंबर के वरिष्ठ सदस्य कृष्ण अग्रवाल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रिंकू दुबे, राजदेव उपाध्याय, प्रदीप कुमार बाबूजी, अविनाश वर्मा, इंद्रजीत सिंह डिंपल, आलोक माथुर, बद्री अग्रवाल, अरविंद गुप्ता, विक्रांत सिंघानिया, राकेश कुमार, अभय कुमार, सुमित अग्रवाल, साकेत रंजन, श्रवण कुमार चौधरी, प्रेम जायसवाल, सुरेंद्र तिवारी, अमिताभ मिश्रा, विनोद कुमार अग्रवाल, एनके भाटिया, राजहंस अग्रवाल, प्रधान सक्सेना और गीरू सिन्हा आदि उपस्थित थे।

# नवनिर्मित सड़क के किनारे नहीं भरा गया फ्लैंक, आये दिन हो रही दुर्घटनाएं



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** सड़क विकास का वास्तविक पैमाना होता है। सड़क बनने से लोग खुश हो जाते हैं। लेकिन संवेदक की लापरवाही एवं मनमानी अक्सर लोगों को संकट में डाल देता है। इसका ताजा उदाहरण विश्रामपुर ब्लॉक मोड़ से थाना चौक तक करीब एक महीना पहले बना पीसीसी पथ है। यह नवनिर्मित सड़क संवेदक की लापरवाही से स्थानीय लोगों के लिये परेशानी का सबब बन गया है। वाहन चालकों के लिये अघोषित दुर्घटना क्षेत्र बन चुका है। संवेदक ने सड़क निर्माण के बाद उस पर बालू बिछवा दिया जिसे सड़क खुलने के बाद भी हटवाया नहीं। इस कारण गाड़ियों के आवाजाही से सारा दिन धूल का गुब्बार उड़ते रहता है। जिसके चलते सड़क किनारे स्थित दुकानों में धूल भर जा रहा है। इससे दुकानदार काफी प्रभावित हैं। संवेदक ने पीसीसी पथ के दोनों किनारे फ्लैंक भी नहीं भरवाया है। जिस कारण प्रतिदिन दुर्घटनाएं हो रही है। साइड लेते समय गाड़ियां सड़क से नीचे उतर जा रही है। रविवार को तो सवारी लदा एक टेंपो पलट गया। हालांकि इस घटना में किसी भी यात्री को चोट नहीं आयी है। स्थानीय लोगों ने मिलकर टेंपो को सड़क पर खड़ा किया। टेंपो पलटने और वाहनों के सड़क से फिसल कर नीचे उतर जाने का मामला प्रतिदिन हो रहा है। इस संबंध में व्यवसायी संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार लाल ने स्थानीय विधायक एवं पलामू सांसद विष्णुदयाल राम को पत्र भी लिखा है। इधर, स्थानीय लोगों से शिकायत मिलने पर कांग्रेस के पूर्व विस प्रत्यासी सुधीर चंद्रवंशी ने कार्यपालक अभियंता विशाल खलखो से मुलाकात की। उन्होंने विशाल खलखो से संवेदक पर कार्रवाई करते हुए उक्त सड़क से हो रही परेशानी से लोगों को मुक्त कराने की अपील की। कहा कि अगर जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया जाता है तो आंदोलन किया जायेगा।

# रक्षा राज्यमंत्री ने दो पीसीसी पथों का किया शिलान्यास



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** रक्षा राज्यमंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ ने रविवार को नामकुम वार्ड-47 में दो महत्वपूर्ण पीसीसी पथों का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया। पहला पथ संस्कार नगर में राधाकृष्ण यादव के घर से अवधेश यादव के घर तक और दूसरा जोरार गांव के पंडित सदन में अखिलेश यादव की दुकान से जागेश्वर पांडे के घर होते हुए अवधेश यादव के घर तक बनेगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक आरके पाहन, खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, स्वास्तिक महिला क्लब नामकुम की अध्यक्ष नीता शर्मा, लोवाडीह मंडल अध्यक्ष नवीन सोनी, पिंटू शर्मा, पिंटू सिंह, गोपाल लोहिया, सुनील सिंह, रिंटू सिंह, तुलसी गोप सहित क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# भाजपा का मंडल स्तरीय सम्मेलन आयोजित



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्षों की पूर्णता के उपलक्ष्य में रविवार को राष्ट्रवाद हमारी प्रेरणा, सुशासन और विकास से अंत्योदय हमारा लक्ष्य विषयक मंडल स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन झारखंड एकेडमिक काउंसिल के समीप प्रभाष झा के आवास पर खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सम्मेलन में आरती सिंह, आरती कुजूर, प्रभु दयाल बड़ाईक, प्रमोद सिंह, मनोज सिंह और गोपाल चौधरी ने प्रधानमंत्री की नीतियों, योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने मोदी सरकार के 11 वर्षों के दौरान देश में हुए सवार्गीण विकास, गरीब कल्याण, अंत्योदय और राष्ट्रवाद को प्रेरणा बताने वाले कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में संजय सिंह, शंकर सिंह मुंडा, समीर राय, प्रज्ञा भारती, मीनू सिंह, सरोज राय, शिल्पी शालिनी, सुबोध सिंह टनटन, हरीश गंझू समेत भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नारायण सेवा समिति ने आयोजित किया भंडारा

**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** नारायण सेवा समिति की ओर से रविवार को सतबरवा प्रखंड के ठेमी गांव के भूईयां टोली में भंडारा आयोजित किया। जिसमें महिलाएं, बच्चे और बूढ़े सहित सैकड़ो ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष निर्दोष कुमार ने बताया कि नारायण सेवा समिति की ओर से करोना काल से ही लगातार सुदूरवर्ती क्षेत्र के गरीब असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के बीच वस्त्र और भोजन का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। यह आगे भी चलता रहेगा। इस मौके पर सूरज प्रसाद और नरेश साव सहित कई लोग उपस्थित थे।

# बिजली विभाग की छापामारी, छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र में बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ बिजली विभाग ने कार्रवाई की है। बतातें चलें कि झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड रांची के निर्देश पर विद्युत उर्जा चोरी रोकथाम के लिए एक छापामारी दल का गठन सहायक विद्युत अभियंता जपला राम प्रसाद महतो के नेतृत्व में किया गया। जिसने हुसैनाबाद थाना अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान कुल छह लोगों को बिजली चोरी करते पाये जाने पर उनके खिलाफ हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

# मनोकामना पूरी करने के लिए ग्राम देवता की पूजा



आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवो में जेष्ठ संक्रांति के अवसर पर राजो पर्व धुमधाम से मनाया गया।राजो पर्व में गांव में ग्राम देवता का पूजा किया जाता है और अच्छी बारिश और अच्छी फसल होने की कामना की जाती है। वहीं कुरमाडीह निवासी किसान रंजीत सिंह मुंडा ने बताया कि राजो पर्व के अवसर पर प्रतिवर्ष गांव में चंदा इकट्ठा करके भेड़ा, बकरा, मुर्गा आदि का गराम थान में बलि दिया जाता है और क्षेत्र में अच्छी फसल और अच्छी बारिश होने की मनोकामना की जाती है, ताकि किसान अपनी अच्छी फसल उगाई कर सकें। वहीं किसान रंजीत सिंह मुंडा ने बताया कि पूर्वजों से चली आ रही परंपरा को हम सभी बचाये रखे हैं और आगे भी रखेंगे। राजो पर्व के बाद ही कृषि की कार्य का शुरूआत किया जाता है।





















# मेधावी छात्राओं को पसंस ने किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** बागबेड़ा पंचायत प्रतिनिधियों ने क्षेत्र में शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल की। रविवार को उप मुखिया मुकेश सिंह के नेतृत्व में मेधावी छात्राओं के लिए बागबेड़ा नया बस्ती में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर झारखंड एकेडमिक काउंसिल बोर्ड की 10वीं की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य आथिति पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता के द्वारा संध्या दास, रिया कुमारी, मुस्कान कुमारी एवं श्रुति मिश्रा को मेडल,अंगवस्त्र और चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही उन्होंने मिठाई खिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए कामना की। इस अवसर पर उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों ने भी सभी छात्राओं की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी और उनकी मेहनत की सराहना की।




# विधायक मंगल कालिंदी ने हितकु पंचायत सचिवालय भवन का किया शिलान्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा स्थित जमशेदपुर प्रखंड के हितकु पंचायत को एक बड़ी सौगात मिली है। वर्षों से की जारही पंचायत भवन की मांग अब पूरा हो गया। पंचायत भवन के अभाव में प्रशासनिक एवं विकासात्मक कार्यों में भी रुकावट आ रही थी। रविवार को झारखंड पंचायत राज विभाग द्वारा स्वीकृत पंचायत सचिवालय भवन निर्माण कार्य का स्थानीय विधायक मंगल कालिंदी ने विधिवत रूप से शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला परिषद् अध्यक्ष बारी मुर्मू, उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, वीडीओ सुमित प्रकाश, पार्षद परितोष सिंह, मुखिया पलटन मुर्मू, पंचायत समिति सदस्य दीपू सिंह सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस परियोजना की निर्माण एजेंसी जिला परिषद् को निर्धारित किया गया। इस अवसर पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा हितकु पंचायत भवन के अभाव में आम नागरिकों को योजनाओं का लाभ उठाने में कठिनाई होती थी। वर्षों से लंबित इस मांग को पूरा करना एक जनप्रतिनिधि होने के नाते हमारी प्राथमिकता थी। विधायक श्री कालिंदी ने कहा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पंचायत राज व्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में यह एक अहम कदम है। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने इस पहल के लिए विधायक एवं राज्य सरकार के प्रति आभार जताया। मौके पर उप मुखिया उत्तम रजक, वार्ड सदस्य जालंधर सिंह, श्रीकांत सिंह, फकीर दास, बुधराम हेंब्रम, सोनाराम सोरेन, जगन दास, मदन दास, बाबू दास, दमन टुडू तथा कुमार मार्डी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# एसपी ने चैनपुर और कुरुमगढ़ थानों का किया औचक निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** गुमला के पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने रविवार को चैनपुर और कुरुमगढ़ थाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर और थाने में रखे गए सभी रजिस्टर/ फाइलों का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के बाद, एसपी ने संबंधित थाना प्रभारियों को थाना परिसर की साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना। थानों में रखे सभी अभिलेखों और फाइलों के उचित रखरखाव और उन्हें अद्यतन रखना। नक्सल प्रभावित क्षेत्र को देखते हुए, वहां प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारियों और कर्मियों को सुरक्षा संबंधी सभी आवश्यक निर्देश दिये गये। इस निरीक्षण का उद्देश्य थानों के कामकाज में पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करना तथा क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाये रखना है। एसपी का यह निरीक्षण थानों की कार्यशैली में सुधार लाने और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।


# 'धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान' के प्रचार के लिये जागरूकता रथ रवाना



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के सफल प्रचार-प्रसार हेतु उपायुक्त ने सोमवार को समाहरणालय प्रांगण से दो जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर सभी प्रखंडों के लिए रवाना किया। इन रथों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से जनजातीय समुदायों को सरकारी योजनाओं, अधिकारों तथा विकासात्मक कार्यक्रमों की जानकारी दी जायेगी। अभियान का उद्देश्य चयनित जनजातीय गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, आजीविका एवं बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी सरकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से पहुंचाना है, ताकि ग्रामीण समुदायों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके। मौके पर अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अंजना दास, जिला कल्याण पदाधिकारी सरस्वती कच्छप, तथा कल्याण विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# डॉ रामेश्वर उरांव आज लोहरदगा दौरे पर, जनता से करेंगे सीधा संवाद

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक एवं आंतरिक संसाधन तथा केंद्रीय सहायता समिति के सभापति डॉ रामेश्वर उरांव सोमवार, 16 जून को लोहरदगा जिले के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। यह जानकारी विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने दी। डॉ उरांव का पहला कार्यक्रम भंडरा प्रखंड परिसर में निर्धारित है, जहां वे प्रातः 11 बजे आम जनता से सीधा संवाद करेंगे और स्थानीय समस्याओं को सुनेंगे। इसके पश्चात वे दोपहर 1 बजे लोहरदगा बरवाटोली स्थित विधायक कार्यालय पहुंचेंगे, जहां वे पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा आम नागरिकों से मुलाकात कर विभिन्न जनसमस्याओं से अवगत होंगे। विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने जिलेवासियों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं को सीधे विधायक के समक्ष रखें।







PRANAMI
Member of
CREDAI
Jharkhand
Journalism Has A Very Important Role
In Making The Society Aware And Empowered.
आजाद सिपाही
BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
10th
ANNIVERSARY
HAPPY
FOUNDATION DAY
" Hearty
Congratulations
to all
Azad Sipahi
Family "
BIJAY KUMAR AGARWAL
CMD
602, 6th Floor, M. R. Tower,
Line Tank Road, Ranchi

# MEENA GENERAL HOSPITAL

(A Unit of Meena Hospital Pvt.Ltd.)

MGH

**Ghujadih, G.T.Road, P.S.-Dumri, Giridih, Jharkhand,**
**8969984705/7485807755/56/57/58/59**




## Specialties:

- Anesthesiology.
- Critical Care.
- Dental.
- Internal Medicine.
- Lab & Radiology.
- Obstetrics & Gynecology
- Ophthalmology
- Pediatrics & Neonatology.
- Urology.
- General Surgery.
- Orthopedics & Trauma.
- Physiotherapy.

## FACILITIES:

- 100 bedded multispecialty hospital with ten bedded ICU, two Bedded NICU, A/C rooms Non A/C rooms and General Ward.
- ICU with multipara monitors, infusion pump on each bed, incorporated with Defibrillator and ventilator with all new modes of CPAP & BIPAP and specially suited for poisoning & critically ill patients.
- Centralized Oxygen supply, Central Suction & Compressed Air to each bed.
- Fracture Clinic, Physiotherapy & Rehabilitation Deptt.
- X-ray, ECG/ECHO, USG, with Colour Doppler.
- Child health Clinic
- Well equipped Pathological lab with facilities for all routine and special investigation.
- 24 hrs. Indoors and outdoors Pharmacy.
- 24 hrs. Ambulance Services.
- USG Facility Available
- 24 hrs. LAB Facility.


OPERATION THEATRE


AUTO CLAVE


C-ARM


PORTABLE VENTILATOR


LABOUR ROOM


N.I.C.U


I.C.U


ANAESTHESIA WORK


DEFIBRILLATOR STATION


SUCTION MACHINE


CENTRALISED OXYGEN/VACUM


GENERAL SURGERY


CASUALTY


GENERAL WARD


LAB


X-RAY



REGISTRATION COUNTER


CANTEEN


DRINKING WATER



AMBULANCE


ECHO/USG


PHARMACY


LAPAROSCOPY SURGERY


OXYGEN BANK


DG 125 X 2 KV

**Contact Us:**
**Meena General Hospital**
(A unit of Meena Hospital Pvt. Ltd.)
AT: NH2,GT ROAD,Ghujadih, Dumri, Dist- Giridih-825106
Call US ON- 9123104059/8969984705/9471369786
Help line no. +917992449937
MAIL US AT- mgh.dumri@yahoo.com

# LAKSHMI VASTRALAY

अच्छे से अच्छा फिर भी सस्ता

फैन्सी




आजाद सिपाही
के
10वें स्थापना दिवस
पर आजाद सिपाही परिवार को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

THE TRADITIONAL LOOK



HAS ITS OWN BEAUTY

हमारे यहाँ फैंसी साड़ी, लहंगा, सूट सभी तरह के वस्त्र उचित दामों मे मिलते है।


Coal Board Colony, Near Dy. Sp Bunglow Police Line, Hirapur, Dhanbad

# आजाद सिपाही के गौरवमयी 10 वर्ष

आजाद सिपाही Celebration
10
YEAR OF TRUST

## आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस

पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं



16 जून 2015 से प्रारंभ आजाद सिपाही संस्कार से सफलता तक के पथ पर
गौरवमयी 10 वर्ष की यात्रा में सहयोग, समर्पण व विश्वास के लिए
सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों, कर्मचारियों तथा देश के समस्त नागरिकों, प्रशासन,
व्यवसायियों, सामाजिक-राजनैतिक-शैक्षणिक-आध्यात्मिक संस्थाओं, मीडिया एवं शुभचिंतकों का

# हार्दिक आभार

# एक शुभचिंतक

# बाघमारा




# आजाद सिपाही के गौरवमयी 10 वर्ष

आजाद सिपाही Celebration

10

YEAR OF TRUST

16 जून 2015 से प्रारंभ आजाद सिपाही संस्कार से सफलता तक के पथ पर
गौरवमयी 10 वर्ष की यात्रा में सहयोग, समर्पण व विश्वास के लिए
सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों, कर्मचारियों तथा देश के समस्त नागरिकों, प्रशासन,
व्यवसायियों, सामाजिक-राजनैतिक-शैक्षणिक-आध्यात्मिक संस्थाओं, मीडिया एवं शुभचिंतकों का

## हार्दिक आभार




## आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस


पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक
बधाई एवं शुभकामनाएं

## एक शुभचिंतक

## कतरास




आप सभी की शुभकामनाओं एवं साथ से आजाद सिपाही परिवार में सहभागी बनते हुए निरंतर
प्रगति पथ पर अग्रसर हैं और अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए वचनबद्ध हैं।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**